**सुविचार**
किसी से भी झूठ बोलें लेकिन स्वयं से कभी भी झूठ ना बोलें।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi



08
लखनऊ की लड़की की कहानी कहना चाहती...

Ranchi ● Monday, 17 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 181 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 66,060.90 |
| निफ्टी | : | 19,564.50 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,6450 |
| चांदी | : | 81.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# आसमानी आफत : झारखंड समेत 20 राज्यों में भारी बारिश का ALERT

## देश में मानसून फुल एक्टिव, पहाड़ से मैदान तक नदियों का जलस्तर बढ़ा

**AGENCY NEW DELHI :** जहां एक ओर राजधानी दिल्ली पानी-पानी है तो देशभर में मानसून एक बार फिर फुल एक्टिव हो गया है। पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी बारिश से नदियों का वाटर लेवल बढ़ गया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश समेत मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए देश के झारखंड व बिहार समेत 20 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर भारी बारिश के बाद नदियों में उफान का असर दिल्ली से सटे नोएडा, गाजियाबाद से लेकर सहारनपुर, हापुड़ और पंजाब-हरियाणा के कई इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। बीते कुछ दिनों में पूरे उत्तर भारत बारिश ने तबाही मचाई है। पहाड़ी इलाकों में हुई भारी बारिश की वजह से भूस्खलन और बाढ़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। स्काइमेट वेदर के मुताबिक अगले 24 घंटे में हिमालयी पश्चिम बंगाल, असम के पश्चिमी भाग, तटीय ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कोंकण, गोवा, तटीय कर्नाटक और दक्षिण गुजरात में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।



दिल्ली के निचले इलाकों में पानी भरने के बाद सुरक्षित स्थानों की ओर जाते लोग ● एजेंसी

## दिल्ली में यमुना 5 दिन बाद खतरे से नीचे आई

**NEW DELHI :** दिल्ली में 5 दिन बाद रविवार को यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ गया। सुबह 11 बजे तक यमुना का वाटर लेवल घटकर 205.91 मीटर पर आ गया। यमुना के वाटर लेवल का डेंजर मार्क 205.33 मीटर पर है। इधर, दिल्ली के एलजी ऑफिस ने एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि दिल्ली में बाढ़ नियंत्रण के लिए एक कमेटी बनाई गई है। पिछले दो साल से इस कमेटी की कोई बैठक ही नहीं हुई। दिल्ली के सीएम इसके अध्यक्ष हैं। एलजी ऑफिस के मुताबिक जून में इस कमेटी की बैठक हो जानी चाहिए थी, जो नहीं की गई। इसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकार, सेना और सेंट्रल वाटर कमीशन के अधिकारी शामिल होते हैं। इस मीटिंग के बाद ही फ्लड कंट्रोल को लेकर निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन बिना बैठक और तैयारियों के ही राज्य सरकार ने निर्देश जारी कर दिए।

## मुंबई : लहरों में बह गए कपल, पत्नी की मौत

**MUMBAI :** मुंबई के बांद्रा बैंडस्टैंड में समुद्र में चट्टान पर बैठकर फोटो क्लिक करवा रहा एक कपल लहरों में बह गया। हादसे में पत्नी की मौत हो गई। पति का नाम मुकेश (35) और पत्नी का नाम ज्योति (32) है। घटना बीते रविवार को हुई जब यह कपल अपने बच्चों और परिवार के लोगों के साथ पिकनिक मनाने निकला था। जब महिला पानी में बही तो बच्चे मम्मी-मम्मी चिल्लाते रह गए। वीडियो में ये पूरा वाकया कैद हो गया। वहीं, आज मुंबई के मार्वे बीच पर नहाने गए 5 लड़के पानी में डूब गए। ये सभी लड़के 12 से 16 साल के थे। इनमें से दो को रेस्क्यू कर लिया गया है। हादसे वाले दिन परिवार जुहू चौपाटी पर पिकनिक मनाने निकला था, लेकिन हाई टाइड के चलते उन्हें जुहू बीच पर एंट्री नहीं मिली। इसके बाद परिवार बांद्रा बैंडस्टैंड पहुंचा। बांद्रा फोर्ट पहुंचकर परिवार समुद्र के पास खड़े होकर तस्वीरें लेने लगा। इसके बाद मुकेश (35) और ज्योति (32) समुद्र में कुछ दूर जाकर चट्टान पर बैठ गए और फोटो-वीडियो क्लिक करवाने लगे। परिवार के लोग दूर से वीडियो क्लिक करते हुए उन्हें किनारे पर आने को बोलते रहे, लेकिन कपल वहीं बैठा रहा।

## उत्तराखंड में ग्लेशियर टूटने से नदी का जल स्तर बढ़ा

**GOPESHWAR :** उत्तराखंड में भारतीय सीमावर्ती क्षेत्र के नीती घाटी में मलारी सुमना क्षेत्र में रविवार को एक बार फिर से ग्लेशियर टूटने की घटना सामने आयी है। ग्लेशियर टूटने से गिरथी नदी का जल स्तर बढ़ गया है और सीमावर्ती क्षेत्र को जोड़ने वाला पुल खतरे की जद में आ गया है। हालांकि आपदा परिचालन केंद्र का कहना है कि क्षेत्र में ग्लेशियर टूटने की घटना सामान्य है। रविवार को एक बार फिर से नीती घाटी क्षेत्र के मलारी सुमना क्षेत्र में ग्लेशियर टूटने की सूचना मिली है, जिससे मलारी से आठ किलोमीटर आगे गिरथी नदी पर बना पुल खतरे की जद में आ गया है। यदि यह पुल बह जाता है तो एक बार फिर से घाटी के लोगों का मुख्यालय से संपर्क कट जायेगा।

## उधर, अमेरिका में पड़ रही भीषण गर्मी



हीटवेव से बचने के लिए खुद पर पानी डलवाता युवक ● एजेंसी

**WASHINGTON :** भारत में जहां लोग तेज बारिश और बाढ़ जैसे हालातों से परेशान हैं। वहीं, अमेरिका में लगातार बढ़ते पारे ने लोगों को जीना मुश्किल कर दिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में अगले हफ्ते तापमान खतरनाक लेवल पर पहुंचने वाला है। इसकी चपेट में 11 करोड़ 30 लाख लोग हैं। फ्लोरिडा, कैलिफोर्निया और वॉशिंगटन में इसे लेकर एडवाइजरी जारी की जा चुकी हैं। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस ने लोगों से कहा है कि वो अपने सेहत के साथ कोई रिस्क ने लें। अमेरिका में गर्मी कितनी ज्यादा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शनिवार को अमेरिका के एरिजोना राज्य में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अमेरिका के मौसम विभाग ने बताया है कि कैलिफोर्निया की डेथ वैली में अगल हफ्ते पारा 54 डिग्री तक पहुंच जाएगा। डेथ वैली दुनिया की सबसे गर्म जगहों में से एक है। अगले हफ्ते पारा और चढ़ने के बाद ये दुनिया का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान हो जाएगा।

## BRIEF NEWS

### दूसरी सोमवारी आज, देवघर में प्रशासन मुस्तैद

**DEOGHAR :** सावन की दूसरी सोमवारी पर बाबा धाम में आज से ही कांवरियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी है। डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसपी सुभाषचंद्र जाट स्वयं मेला क्षेत्र में व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भी मोटर साइकिल एम्बुलेंस, टोटो एम्बुलेंस चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति कर किसी भी आपात स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी कर रखी है। पवित्र शिवगंगा सरोवर पर एनडीआरएफ की तैनाती की गई है।

### देशभर में 80 रुपये किलो टमाटर बेच रही सरकार

**NEW DELHI :** केंद्र सरकार ने आम लोगों को राहत देने के लिए रविवार से टमाटर 80 रुपए प्रति किलो में बेचना शुरू किया है। पहले इसे 90 रुपए प्रति किलो में बेचा जा रहा था। सरकार ने कहा कि देशभर की 500 से अधिक जगहों पर कीमत का दोबारा आकलन करने के बाद 16 जुलाई से टमाटर 80/किलो बेचने का फैसला लिया गया है। नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन ऑफ इंडिया और नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से दिल्ली, नोएडा, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, पटना, मुजफ्फरपुर और आरा में बिक्री आज से शुरू हो गई है। आज से देश के अन्य शहरों में भी सस्ते टमाटर की बिक्री शुरू होगी।

### थाईलैंड में जयशंकर ने की मोदी की तारीफ

**BANGKOK :** थाईलैंड के बैंकॉक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पीएम मोदी की तारीफ की। भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- पीएम मोदी के बारे में सबसे बेहतरीन बात ये है कि वो कई चीजों की नब्ज पकड़ लेते हैं और उसे नीतियों और कार्यक्रमों में बदल देते हैं। मुझे लगता है कि इस समय पीएम मोदी जैसा व्यक्ति मिलना देश का बहुत बड़ा सौभाग्य है। जयशंकर ने कहा- मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि वो आज प्रधानमंत्री हैं और मैं उनकी कैबिनेट का मेंबर हूं। मैं पीएम मोदी के बारे ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जब आपके सामने कोरोना जैसी सदी में एक बार होने वाली स्वास्थ्य चुनौती होती है।

## बुंडू में NH-33 पर कार ने स्कूटी सवार को रौंदा

### चांडिल के युवक की गई जान, दो घायल

**CRIME REPORTER RANCHI :** बुंडू अनुमंडल के बुंडू थाना क्षेत्र के एनएच 33 टाटा रांची राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती देर रात कार औक स्कूटी टक्कर हो गई। जिससे स्कूटी सवार तीन युवकों में से चांडिल चौक बाजार निवासी रॉकी नाग (26 वर्ष) की मौत हो गई। अन्य दो रौनिक नाग और कुंडू घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बीईओ ऑफिस बुंडू में कार्यरत मानस हालदार के शादी में शरीक होने रॉकी पहुंचा था। शुक्रवार को शादी में शामिल होने के पाश्चात वह रविवार को पार्टी में शामिल होने के लिए बुंडू में रुका था। जहां शनिवार को देर रात ठल्ह पर निकला था। ऑपोजिट डायरेक्शन में स्विफ्ट डिजायर के साथ सीधी टक्कर हो गयी, जिससे वे तीनों वहीं गिर पड़े। आसपास के लोगों ने स्थानीय पुलिस को बुलाकर तीनों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। जहां बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया जिसमें इलाज के क्रम में रॉकी नाग की मौत हो गई। घायलों का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा कि रॉकी नाग अपने पिता का एकलौता पुत्र था जिसकी पिछले सप्ताह सगाई हुई थी और जनवरी को शादी होने वाली थी।



दुर्घटनाग्रस्त कार व स्कूटी।

## गोड्डा के तत्कालीन अंचल अधिकारी पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**RANCHI :** गोड्डा जिले के तत्कालीन अंचल अधिकारी देवराज गुप्ता पर विभागीय कार्यवाही चलायी जायेगी। कार्मिक विभाग ने इसकी अनुमति प्रदान कर दी है। देवराज गुप्ता अभी साहेबगंज के बरहरवा के अंचल पदाधिकारी हैं। उनके खिलाफ राजमहल खनि-समूह,ललमटिया की अधिग्रहित भूमि के वंशावली निर्गत करने में एक ही जमाबंदी को भिन्न-भिन्न वंशावली निर्गत करने, अपने अनियमित कार्यो से खनन कार्य को प्रभावित करने, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में रूची नहीं लेने, रिक्त ग्राम प्रधानों के विरूद्ध अपेक्षित कार्रवाई नहीं करने, राजस्व वसूली की क्षति करने सहित कई आरोप हैं। उपायुक्त गोड्डा ने 23 सिंतबर 2022 को ही उनके उपर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। प्रथम दृष्टया जांच में आरोप प्रमाणित हुए। इसके बाद सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के इस अधिकारी को 15 दिनों के अंदर अपना बचाव-बयान देने को कहा गया है।

# दिल्ली अध्यादेश पर आम आदमी पार्टी को मिला कांग्रेस का साथ

## विपक्ष की बेंगलुरु बैठक के पहले किया गया एलान

**AGENCY NEW DELHI :** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दल 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में मीटिंग करेंगे। मीटिंग से एक दिन पहले रविवार को कांग्रेस ने दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) का समर्थन करने की घोषणा कर दी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा- केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ हम संसद में आप का समर्थन करेंगे। आज बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी एकता की मीटिंग में आपभी शामिल होगी। कांग्रेस के फैसले पर आप सांसद राघव चड्ढा बोले- यह एक अच्छी पहल है। कांग्रेस के इस ऐलान के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक हुई। जिसमें राघव चड्ढा, गोपाल राय, आतिशी पार्टी जैसे कई नेता मौजूद रहे। बैठक में आप ने तय किया कि वो विपक्ष की बैठक में शामिल होगी। 20 जुलाई को संसद का मानसून सत्र शुरू होने वाला है। केंद्र सरकार इस सत्र में 21 बिल लाने वाली है, जिसमें दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार को लेकर 20 मई को लाया गया अध्यादेश भी शामिल है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल इस अध्यादेश के खिलाफ विपक्ष का समर्थन जुटा रहे हैं। इससे पहले 23 जून को पटना में बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों की बैठक बुलाई थी। इसमें आप समेत 17 दल शामिल हुए थे। तब बैठक में केजरीवाल ने कहा था कि कांग्रेस ने अगर अध्यादेश पर हमारा समर्थन नहीं किया तो हम विपक्ष की बैठक में नहीं आएंगे। कांग्रेस पार्टी की दिल्ली और पंजाब यूनिट आप को समर्थन देने के खिलाफ थी।



दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल।

### बैठक में सीएम हेमंत होंगे शामिल



**RANCHI :** विपक्षी एकजुटता मुहिम के तहत 17 एवं 18 को बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में झारखंड से झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। इस बात की पुष्टि झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने की। मालूम हो कि पटना की बैठक विपक्षी दलों की दूसरी बड़ी बैठक है। जिसमें देश के 24 विपक्षी दलों के नेता शामिल होंगे। बिहार से जदयू से नीतीश कुमार, राजद से तेजस्वी यादव और झारखंड से झामुमो से खुद सीएम हेमंत सोरेन हिस्सा लेंगे। इस बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल हो सकती हैं।

## महिला-पुरुष खिलाड़ी पहली बार खेलेंगे, बीसीसीआई ने लिया बड़ा फैसला

# चीन एशियान गेम्स में हिस्सा लेगी भारतीय क्रिकेट टीमें

**SPORTS DESK, NEW DELHI :** एशिया के सबसे बड़े खेल महाकुंभ एशियन गेम्स की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस साल के अंत में चीन में होनेवाले एशियन गेम्स भारत के लिए कुछ अलग व रोचक होगा। दरअसल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक अहम फैसला लिया है। इसबार भारत की महिला व पुरूष क्रिकेट टीमें एशियन गेम्स में भाग लेंगी। एशियन गेम्स का आयोजन चीन के हांग्जू शहर में होगा। एशियन गेम्स में क्रिकेट इवेंट का आयोजन टी-20 फॉर्मेट में कराया जाता है। इसा साल एशियन गेम्स का आयोजन जिस समय होना है, उसी समय भारत में वनडे वर्ल्ड कप भी चल रहा होगा होगा। इस कारण यह फैसला लिया गया है कि पुरुष बी टीम को एशियन गेम्स में भेजा जाए। इस बार एशियन गेम्स का आयोजन 23 सितंबर से 8 अक्तूबर तक किया जाना है। वहीं क्रिकेट वर्ल्ड कप का आयोजन 5 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक होने की संभावना है। एशियन गेम्स का आयोजन करने लिए चीन में तैयारियां काफी तेजी से की जा रही है। जहां एशिया के देशों की कई बड़ी से लेकर छोटी टीमें हिस्सा लेंगी। दरअसल, चीन में क्रिकेट पॉपुलर गेम नहीं है। यही कारण है कि वहां पर क्रिकेट के लिए स्टेडियम नहीं था। लेकिन अब एशियन गेम्स के लिए वहां पर क्रिकेट के मैदान को तैयार किया जा रहा है। यहां बन रहे क्रिकेट स्टेडियम की तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। एशियन गेम्स में तीसरी बार क्रिकेट का इवेंट होगा। 2010 और 2014 के एशियन गेम्स में भी क्रिकेट का इवेंट रखा गया था। दोनों ही बार बीसीसीआई ने पुरुष या महिला टीम को नहीं भेजा था। 2010 के खेलों में बांग्लादेश और पाकिस्तान ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं 2014 में श्रीलंका ने पुरुष और पाकिस्तान ने महिला वर्ग में गोल्ड अपने नाम किया।





**भारतीय पुरुष टीम**

ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

**भारतीय महिला टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर) अमनजोत कौर, देविका वैद्य, अंजली सवार्णी, तितास साधु, राजेश्वरी गायकवाड़, मिन्नू मानी, कनिका आहूजा, उमा छेत्री,अनुषा बरेड्डी।

**ऋतुराज गायकवाड़ होंगे भारतीय टीम के कप्तान**

टीम इंडिया की 15 सदस्यीय पुरुष क्रिकेट टीम के नाम की घोषणा कर दी गई है। कप्तानी का भार युवा खिलाड़ी ऋतुराज गायकवाड़ को दिया गया है। वहीं आईपीएल के पिछले कुछ सीजन में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन दिखाने वाले कई युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। इनमें रिंकू सिंह का नाम भी शामिल है।

**हरमनप्रीत को मिली महिला टीम की कप्तानी**

बीसीसीआई ने एशियाई गेम्स के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम के स्क्वायड का एलान कर दिया है। हरमनप्रीत कौर को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान होंगी।

## अजित समेत बागियों ने मांगा आशीर्वाद, शरद पवार रहे मौन

**MUMBAI :** अजित पवार और उनके गुट के विधायक रविवार को शरद पवार से मिलने पहुंचे। यह मुलाकात वाईबी चह्वाण सेंटर में हुई। मुलाकात के बाद अजित गुट वाली एनसीपी के नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि हमने पैर पकड़कर शरद पवार जी का आशीर्वाद लिया। पटेल ने कहा- हमने उनसे विनती की कि एनसीपी पार्टी साथ रहे और मजबूती से आगे बढ़े, इस बारे में विचार करें। उन्होंने हमें कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी। हां, उन्होंने शांत होकर हमारी बातें सुनीं। शरद पवार से मुलाकात के बाद प्रफुल्ल पटेल ने मीडिया से बातचीत में ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि हमें जानकारी मिली थी कि शरद पवार साहब यहां मौजूद हैं, तो हम बिना उन्हें सूचित किए यहां आ गए। एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले गुटों की यह पहली बैठक है।

# सोनिया गांधी ने किया हरियाणवी गाने पर डांस

## प्रियंका ने दिया साथ, राहुल ने शेयर किया वीडियो



हरियाणवी गाने पर डांस करती सोनिया गांधी ● एजेंसी

**AGENCY CHANDIGARH :** राहुल गांधी ने रविवार को एक वीडियो शेयर किया, जिसमें हरियाणा के सोनीपत से आई कुछ महिलाएं सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के साथ हरियाणवी गाने पर डांस करती हुई दिख रही हैं। करीब 12 मिनट के इस वीडियो में सोनीपत की कुछ महिलाओं को दिल्ली लाने, घुमाने और अंत में उनकी सोनिया, प्रियंका और राहुल से मुलाकात शामिल है। वीडियो में प्रियंका गांधी के आवास पर पहुंची इन महिलाओं से राहुल पूछते दिख रहे हैं- कैसी लगी दिल्ली, घूमा कि नहीं? इसके बाद उनके साथ सोनिया, प्रियंका और राहुल लंच करते नजर आ रहे हैं। वीडियो के शुरूआती हिस्से में राहुल और सोनीपत के दो किसानों के बीच बातचीत है।

## स्पीकर रबींद्र नाथ महतो व सांसद महुआ माजी ने लाइब्रेरी व स्टडी सेंटर का किया उद्घाटन

# LIBRARY की स्थापना एक बड़ी इबादतगाह है : रबींद्र नाथ महतो

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो एवं राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने संयुक्त रूप से आज रविवार को रांची के बहुबाजार रोड स्थित जमीयतुल एराकीन भवन में लाइब्रेरी एवं स्टडी सेंटर का उद्घाटन किया। यह लाइब्रेरी एवं स्टडी सेंटर जमीयतुल एराकीन संस्था द्वारा छात्र एवं छात्राओं को पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर खोला गया है। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत गाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त डीडीसी सह संस्था के अध्यक्ष हसीब अख्तर ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व सर्वे ऑफिसर अब्दुल सुभान, अधिवक्ता शमीम अख़्तर, टेक्निकल ऑफिसर हाजी एनामुल हक मौजूद रहे। मंच का संचालन जमीयत के प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार मुस्तकीम आलम ने किया।

**लाइब्रेरी की स्थापना है बड़ी इबादतगाह**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रबींद्र नाथ महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकालय की स्थापना समाज के लिए एक नेक शगुन है। हम इबादतगाहें बनाते हैं। लाइब्रेरी की स्थापना एक बड़ी इबादतगाह है। हम दूसरे का धन प्रतिष्ठा नहीं ले सकते हैं लेकिन दूसरों से ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं को पुस्तकालय को समर्पित कर दीजिए। पुस्तकालय आपको वो मंजिल देगा, जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि ये संस्था की बड़ी पहल है। लाइब्रेरी समाज में प्रतिभाओं के लिए एक पुरस्कार के समान है और स्टडी सेंटर बिखरी हुई प्रतिभाओं को एकत्रित करने की बेहतरीन पहल है। पुस्तकें जीवन को सुसज्जित करती हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र नाला की प्रत्येक पंचायत में बेकार पड़े सरकारी भवनों को कैसे पुस्तकालय के रूप में तब्दील कराए, इस पहल को भी विस्तृत रूप से कार्यक्रम में लोगों से साझा किया। लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध राज्यसभा सदस्य महुआ माझी ने कहा कि जमीयतुल एराकीन के द्वारा स्थापित पुस्तकालय एक महान पहल है। मेरा सौभाग्य है कि ऐसे पवित्र कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला। इसके आसपास स्लम आबादी बहुत है, जहां लाइब्रेरी की स्थापना आला सोच को दशार्ता है। ये एक क्रांतिकारी कदम है और मुझे उम्मीद है कि माही के संयोजक इबरार अहमद, मो ग्याशुद्दीन उर्फ मुन्ना भाई का सहयोग मिलता रहेगा और ये लाइब्रेरी फलता-फूलता रहेगा। मुझे खुशी है कि इस लाइब्रेरी में सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध हैं।



उद्घाटन समारोह में लाइब्रेरी का जायजा लेते रबींद्र नाथ महतो एवं महुआ माजी । • फोटोन न्यूज

**कंप्यूटर सेंटर की होगी स्थापना**

जमीयतुल एराकीन कमिटी के महासचिव सैफुल हक ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह पूरे रांची में सबसे पुराने स्कूलों में से है और जमीयत ने समाज में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभाई है और हर सामाजिक कार्यों में शामिल रहा है। जमीयतुल एराकीन की स्थापना 1938 में हुई है और ये शहर की पुरानी पंचायत है और पुस्तकालय की स्थापना भी सबसे पहले हुई है। अपने अध्यक्षीय भाषण में हसीब अख़्तर ने कहा कि हमारे समाज में बड़ी संख्या में ऐसे छात्र हैं जिन्हें घर में पढ़ने की जगह उपलब्ध नहीं है। इसी मकसद के तहत लाइब्रेरी की स्थापना की गई है, ताकि ऐसे बच्चे लाभान्वित हों। कमिटी इस लाइब्रेरी को चौबीस घंटे खोलने की तैयारी में है।
कमिटी का अगला कार्यक्रम इस क्षेत्र में कंप्यूटर लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए कंप्यूटर सेंटर की स्थापना करना है। हसीब अख़्तर ने पुस्तकालय के लिए किताबें दान देने के लिए माही के इबरार अहमद, सदफ पब्लिक स्कूल के सेराजुद्दीन, शान बॉयज होस्टल के डायरेक्टर सफवान आलम उर्फ जीशान, अनवार आलम, सर्व इंडिया ग्रुप और जफर नईम का आभार व्यक्त किया।

**कार्यक्रम में ये थे मौजूद**

इस कार्यक्रम में जमीयतुल एराकीन के उपाध्यक्ष दस्तगीर आलम, कोषाध्यक्ष मोजाहिद सोहैल, कार्यकारिणी सदस्यों में मुजाहिद इस्लाम, अर्शद शमीम, कमालुद्दीन, अब्दुल गफूर शाजली,जावेद शहजाद,मोहम्मद जावेद के इलावा माही के संयोजक इबरार अहमद, गयास-ुद्दीन मुन्ना, सैय्यद मेराज हसन, मोहम्मद अकबर, मोहम्मद नईम, मोहम्मद सेराज आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अफरोज आलम ने किया।

## तेली समाज को अपमानित करने वाले बयान के विरोध में आया समाज, कल होगा भाजपा का पुतला दहन



वीरोध प्रदर्शन करते तेली समाज • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन रांची जिला के तत्वधान में कार्यवाहक जिला प्रभारी कुंज बिहारी साहू की अध्यक्षता में कांके प्रखंड अंतर्गत भामाशाह नगर, सुकुरहुट्टू पंचायत सचिवालय सभागार में एक दिवसीय बैठक किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि महासंगठन के कार्यवाहक कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि, बीते दिनों भाजपा के गुमला जिला मीडिया प्रभारी के द्वारा तेली समाज के लोगों को अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हुवे, छुटभैये , नकाबपोश और अवसरवादी कहा गया था। तेली समाज के साथ- साथ समाज के नेताओं को भी अपमानित किया गया था। इस बयान के विरोध में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के पदाधिकारीगण लगभग सभी जिला से अखबार के माध्यम से भाजपा के खिलाफ नाराजगी जताई और भाजपा को मांफी मांगने को कहा था। परन्तु अभी तक भाजपा अड़ियल रुख अपनाए हुए हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक भाजपा माफी नहीं मांगती है तब तक भाजपा के खिलाफ चरणबद्ध विरोध कार्यक्रम जारी रहेगा। इसी कड़ी में 18 जुलाई दिन मंगलवार को राँची के अल्बर्ट एक्का चौक पर भाजपा का पुतला दहन करने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में मुख्य रूप से संगठन के कार्यवाहक उपाध्यक्ष संजीव साहू,डॉ दानेश्वर साहू, जिला अध्यक्ष संजय साहू, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजीत साहू, महामंत्री हीरा लाल साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी कुंज बिहारी साहू,रामबिलास साहू, शंकर साहू,धनकू साहू, गणेश साहू, छोटन साहू,रवि कुमार साहू,अमन साहू,संतोष साहू, रोशन कुमार साहू अशोक कुमार साहू, रौशन कुमार साहू सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## नौ वें दिन भी जारी रहा पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों का प्रदर्शन, मांगे नहीं मानी तो 20 को भिक्षाटन कार्यक्रम

**PHOTON NEWS RANCHI:** पांच सूत्री मांगों को लेकर राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के द्वारा चल रहे धरना प्रदर्शन राजभवन के पास 9 नावां दिन भी जारी है। संघ की मुख्य 5 मांगे हैं, इनमें (1)मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 10 सदस्य प्रतिनिधि मंडल की वार्ता,(2) किसी भी विभाग में समायोजन,(3) स्वयंसेवक को स्थाई किया जाए (4) स्वयंसेवक का पद का नाम बदलकर पंचायत सहायक किया जाए एवं (5)स्वयंसेवक को मानदेय लागू किया जाए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के द्वारा बताया गया कि अगर संघ के यह 5 सूत्री मांग राज्य सरकार पूरा नहीं करती है तो 20 जुलाई को धरना स्थल राजभवन से फिराया लाल चौक तक भिक्षाटन कार्यक्रम किया जाएगा और उसके बाद भी अगर हम लोगों की मांग सरकार पूरा नहीं करती है तो आगामी विधानसभा सत्र में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। आज आंदोलन के 9 वा दिन मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार , गिरिडीह जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान रामगढ़ जिला अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर , रांची अध्यक्ष गौतम कुमार कुशवाहा, सूरज मोदी , बलदेव करमाली, अजीत चौधरी, जगरनाथ, मनोज, अजय, विकाश, सहनवाज चन्दन, प्रदीप, जानकी, देवांति रामनिवास एवं सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल हुए।



धरना प्रदर्शन में बैठे लोग • फोटोन न्यूज

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्वास्थ्य चिंतन शिविर मंच का किया संचालन

### सहियाओं का मानदेय बढ़ाने की मांग

**PHOTON NEWS RANCHI:** देहरादून में चल रहे दो दिवसीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर में झारखंड का तब मान बढ़ गया, जब कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को मंच संचालन की जिम्मेदारी दी। जिसे मंत्री बन्ना गुप्ता ने बखूबी निभाया। बन्ना ने ट्वीट कर बताया कि स्वास्थ्य चिंतन शिविर के अंतिम दिन मुझे मंच संचालन करने का अवसर मिला। झारखंड और मेरे लिए यह गौरव की बात थी कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को संचालित करने का अवसर दिया।



**स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के लिए मांगा विशेष अनुदान**

बन्ना गुप्ता ने कार्यक्रम के अंतिम दिन पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट और टीबी उन्मूलन के लिए संयुक्त कार्य योजना बनाकर काम करने का सुझाव दिया। साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया से झारखंड राज्य को विशेष अनुदान देने, सहिया बहनों का मानदेय बढ़ाने, आधुनिक और आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने की मांग की।

## मिशन 2024 को लेकर कांग्रेस रेस, 'भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की कोशिश

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रविवार 16 जुलाई, 2023 से रांची जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 'भारत जोड़ो की बात, आम जनों के साथ' अभियान की शुरूआत की जा रही है। कार्यक्रम का समापन पांच सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस के दिन शिक्षकों के सम्मान-समारोह के साथ संपन्न होगा। रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत केंद्र सरकार की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा, ताकि जनता बीजेपी के खोखले वादे को बखूबी जान सके।



**राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जन–जन तक पहुंचा**

रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक पूरे देश को जोड़ने की कवायद शुरू कर उसे जन-जन तक पहुंचाया है। कहा कि जब पूरे भारत में महंगाई, बेरोजगारी, नफरत चरम पर पहुंच गई, तब भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत सात सितंबर, 2022 को की गई थी। यात्रा की शुरूआत से ही भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास किया गया, लेकिन राहुल गांधी ना झुके, ना डरे, ना रुके, बल्कि लगातार चलते हुए यात्रा को पूर्ण किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर पहुंचने से पहले सुरक्षा का हवाला देकर एक बार फिर राहुल गांधी को डराने का प्रयास किया गया, लेकिन राहुल गांधी अपने गंतव्य तक पहुंचे और जो भारत जोड़ो यात्रा का संदेश देना था उन्होंने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक के लोगों तक पहुंचाने का काम किया। साथ ही उनकी समस्याओं से रूबरू होने का काम किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा देश की सबसे बड़ी पदयात्रा थी। डॉ किरण ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से लाखों लोगों से राहुल गांधी मिले एवं अपनी समस्याओं को रखा। बाद में जब इन्हीं बातों को राहुल ने मीडिया के माध्यम से सरकार के सामने रखा, तो सरकार बौखला गई। नतीजा राहुल गांधी को जो परेशानी उठानी पड़ी, उससे पूरा देश अवगत है। तमाम झंझावत के बावजूद राहुल गांधी आज भी बगैर किसी बात की परवाह किए लगातार लोगों के बीच हैं और उनकी आवाज को बुलंद कर रहे हैं। आज इस अभियान के माध्यम से हम संकल्प ले रहे हैं कि राहुल गांधी की बातों को आम जनों तक पहुंचा कर, उन को ताकत देने का काम करेंगे।

### बाबूलाल मरांडी के पदभार ग्रहण करते ही झामुमो ने साधा था निशाना

## बीजेपी का पलटवार, प्रतुल शाहदेव बोले- बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है जेएमएम

**PHOTON NEWS RANCHI:** भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर वार को गंभीरता से लिया है। बीजेपी ने पलटवार करते हुए झामुमो को बाबूलाल फोबिया से ग्रसित बताया। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो को बाबूलाल का डर बुरी तरह सता रहा है। पहले स्पीकर के न्यायाधिकरण पर नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिलाने के मामले को साढ़े तीन साल तक लटका कर रखा। वह भी तब जब चुनाव आयोग ने झाविमो के भाजपा में विलय को वैधानिक स्वीकार्यता दे दी थी। बीजेपी प्रवक्ता ने कहा कि झामुमो के नेता बाबूलाल मरांडी के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अच्छी तरह से जानते हैं। इसीलिए सोते- जागते और खाते-पीते सिर्फ इन्हें ये डर सताता है कि जब भाजपा सत्ता में आएगी, तो मौजूदा महागठबंधन के भ्रष्टाचारी नेता जेल जाएंगे।

**हेमंत सरकार पर निशाना**

उन्होने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार को भविष्य का ख्याल करते हुए मोरहाबादी में होटवार जेल का एक एक्सटेंशन सेंटर खुलवा लेना चाहिए। मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन के कुछ माननीयों को अपने कर्मों और भ्रष्ट आचरण की सजा काटने के लिए ज्यादा दूर का सफर तय नहीं करना पड़ेगा। बता दें कि बीजेपी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के शनिवार को पदभार ग्रहण करते ही झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि 14 साल तक बाबूलाल ने विधायक बेचने का काम किया है। इतना ही नहीं, वर्ष 2019 के बाद विधायक दल का नेता तक बाबूलाल नहीं बन पाये। वहीं, बीजेपी जो खुद को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहती है उसके पास झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष बनाने के लिए आयातित व्यक्ति को जगद देनी पड़ रही है।



**झामुमो का बाबूलाल पर हमला**

पत्रकारों से बात करते हुए झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा था कि जो व्यक्ति 14 साल तक पानी पी-पीकर प्रधानमंत्री को कोसा, रघुवर दास ने जिसे झारखंड का कोढ़ कहा, वैसे व्यक्ति को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। ये भाजपा का दिवालियापन है। उन्होंने बाबूलाल के पूर्व के बयानों की ओर इशारा करते हुए कहा कि बाबूलाल कहें तो मोरहाबादी में कुतुबमीनार बनवा देंगे। भाजपा कार्यालय के चारों तरफ नेट लगवा देंगे। कहीं बाबूलाल मरांडी छत पर चढ़ कर कूद न जायें।

**बाबूलाल दिल से भाजपाई नहीं हैं**

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बाबूलाल 14 साल तक विधायक बेचने का काम किया है और बीजेपी सुचिता-नैतिकता की बात कहती है। आगामी चुनाव में जनता बीजेपी नेता और कार्यकर्तओं से जरूर सवाल पूछेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबूलाल मरांडी दिल से भाजपाई भी नहीं बन सके हैं।

### BRIEF NEWS

### नगालैंड विस में यूसीसी पारित होने पर विधायकों के आवास को जलाने की धमकी, पांच गिरफ्तार

**ASHAM:** एक स्वयंभू संगठन ने नगालैंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पारित होने पर राज्य के 60 विधायकों के सरकारी आवासों को जलाने की धमकी दी है। सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। पुलिस ने धमकियां देने के आरोप में डिमापुर में संबंधित संगठन के शीर्ष पांच पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है। डिमापुर में नगालैंड पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि उन्हें डिमापुर पूर्व पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले के आधार पर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### भाजपा टूटी हुई नाव के ऊपर सवार होकर पार करना चाहती है दरिया : कांग्रेस



**RANCHI:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधा। उन्होंने रविवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भाजपा टूटी हुई नाव के ऊपर सवार होकर दरिया को पार करना चाहती है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ही बाबूलाल भाजपा को बीच मझधार में डूबा देंगे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल के नेतृत्व में चुनाव जीतने की तो दूर की बात है भाजपा अच्छे से चुनाव भी नहीं लड़ पाएगी। इसकी कई वजह हैं। मरांडी ने पहले ही झारखंड की जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता को खो दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता उनके वक्तव्य को गाहे-बगाहे याद करती रहती है जब वे भाजपा को दिन रात कोसते रहते थे। डॉक्टर तौसीफ ने कहा कि झारखंड की जनता ने पहले ही बाबू लाल पर विश्वास करना छोड़ दिया और अब भाजपा के नेता बाबूलाल को साथ देने एवं नेता मानने को तैयार नहीं हैं। ऐसी स्थिति में 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खोलना भी मुश्किल हो जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राज्य की जनता भाजपा के सांसदों से प्रश्न पूछ रही है कि सांसदों के द्वारा गांव को आदर्श गांव बनाना केंद्र सरकार के द्वारा हर साल दो करोड़ युवा को रोजगार देना, महंगाई कम करना, किसानों से किए गए वादे को पूरा करना जैसे कई मुद्दों का क्या हुआ। अब तो भाजपा सांसद ऐसे सवालों के डर से अपने क्षेत्र में भी नहीं जाते हैं।

### शरद पवार से मिले उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और राकांपा के मंत्री

**MUMBAI:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हुई बगावत के बाद रविवार को दक्षिण मुंबई के यशवंतराव प्रतिष्ठान में राकांपा अध्यक्ष शरद पवार से उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने मुलाकात की। पूर्व केंद्रीय मंत्री और राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल, विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि झिरवल सहित राकांपा के आठों मंत्रियों की शरद पवार के साथ करीब पौने घंटे तक बैठक चली। प्रफुल्ल पटेल ने बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि कल से राज्य के विधानमंडल का वषार्कालीन सत्र शुरू हो रहा है। इसी वजह से आज हम लोगों ने शरद पवार से बिना उनका समय लिए यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में पहुंचे थे। पटेल ने बताया कि हम सभी ने शरद पवार से कहा कि पार्टी के अंदर किसी भी तरह का विवाद नहीं रहना चाहिए। हम सब राकांपा में ही रहकर काम करना चाहते हैं। शरद पवार को सरकार में शामिल होने के कारणों के बारे में विस्तार से बताया गया है। शरद पवार ने सभी बातें ध्यानपूर्वक सुना है, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई निर्णय नहीं दिया है। शरद पवार राकांपा के अन्य पदाधिकारियों से चर्चा कर रहे हैं। इसका ब्योरा अभी तक नहीं मिल सका है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस मुलाकात का गलत अर्थ नहीं निकाला जाना चाहिए। इस तरह की बैठकों को सकारात्मक रूप से देखा जाना चाहिए। इस मुलाकात का सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### बिहार के मंत्री श्रवण कुमार से मिले छात्र जदयू राज्य प्रभारी

**RANCHI:** छात्र जदयू के झारखंड राज्य प्रभारी डॉ विनय भरत ने पटना में ग्रामीण विकास और संसदीय कार्य मंत्री श्रवण कुमार से मुलाकात की। इस दौरान श्रवण कुमार ने कहा कि संगठन के प्रारंभिक चुनौतियों में झारखंड के युवाओं को यह संदेश है कि आज रात इतनी गहरी है कि आपके द्वारा पैदा की जाने वाली छोटी सी चिंगारी भी दूर तलक उम्मीद की रोशनी फैलाने में सहायक होंगे। समाजवाद और सामाजिक न्याय के रास्ते इंसान और संविधान को बचाने की दिशा में आगे बढ़ते रहें। उन्होंने डॉ विनय भरत से राजभवन के द्वारा राजनीतिक पार्टी की सदस्यता लेने के बाबत मांगे गए स्पष्टीकरण को अलोकतांत्रिक करार दिया।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Monday, 17 July 2023

BRIEF NEWS

## राजस्थान के भंवर लाल से NIA की पूछताछ जारी

RANCHI : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) राजस्थान के भंवर लाल छांगल से पूछताछ कर रही है। एनआईए ब्रांच ने नागौर जिले के जाट कॉलोनी के रहने वाले भंवर लाल को पांच दिनों की रिमांड पर लिया है। एनआईए किस मामले में भंवर लाल से पूछताछ कर रही है, इसका पता नहीं चल पाया है। हालांकि संभावना जतायी जा रही है कि अपराधी और नक्सली संगठन को हथियार और गोली सप्लाई करने के मामले में एनआईए भंवर लाल को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

## झारखंड के नामवर शायर अजफर जमील का निधन

RANCHI : झारखंड के प्रसिद्ध एवं नामवर शायर अजफर जमील का निधन हो गया। रांची के चर्च रोड स्थित शहाब इंस्टीट्यूट के हाल में डा. मंजूर बेग द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सैय्यद शाह गुफरान अशरफी, दिल्ली यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर सुब्रतो चटर्जी शामिल हुए। मौके पर उजैर हमजापुरी, एजाज अनवर खान, महफूज आलम, अख्तर रांचवी, हारून खुमार शेर्घाटवी, तबीब अहसन ताबिश, एम जेड खान, डा. शहाब आर्यन ने दिवंगत शायर के प्रति अपने विचार रखे और शोकाकुल रचनाएं पेश कीं। सभा का संचालन सुहैल सईद ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डा. मंजूर बेग ने किया।

## नेवी एनसीसी भर्ती में युवाओं ने दिखाया कौशल, 200 शार्टलिस्ट

RANCHI : झारखंड नेवी एनसीसी में कैडेटों के चयन के लिए भर्ती रैली रविवार को विकास विद्यालय नेउरी में आयोजित की गई। पूरे झारखंड से 309 लड़कियों सहित 723 अभ्यर्थी सुबह 9 बजे विकास विद्यालय केंद्र पर चयन परीक्षा के लिए उपस्थित हुए। उम्मीदवारों के लिए एक घंटे की लिखित परीक्षा के बाद शारीरिक परीक्षण लिया गया। जो शाम पांच बजे तक चला। 200 उम्मीदवारों को अंततः शार्टलिस्ट किया गया, जिनका एनसीसी में उपलब्ध 131 सीटों के सोमवार से साक्षात्कार होगा। मालूम हो कि खेलगांव में झारखंड नेवी यूनिट एनसीसी राज्य में एकमात्र नेवी एनसीसी सेंटर है।

## मैट्रिक व इंटरमीडिएट की मेधावी आदिवासी छात्राओं को किया गया सम्मानित

RANCHI : इंजोत डहर और उर्सलाइन रांची प्रोविंस के संयक्त प्रयास से उर्सलाइन इंटरमीडिएट कालेज आडिटोरियम में जैक बोर्ड के 10वीं और 12वीं में टाप करने वाली 67 मेधावी आदिवासी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल और विशिष्ट अतिथि ब्यूटी पैजेंट और वर्तमान क्विन आफ इंटरनेशनल टूरिज्म 2023 और मिस इंडिया यूनाइटेड नेशन इंटरनेशनल 2022 रही एंजेल मेरिना तिर्की और पूर्व कप्तान महिला हाकी इंडिया के सुमराई टेटे द्वारा सम्मानित किया गया। एंजेल मेरिना तिर्की ने मेधावी छात्राओं की हौसला अफजाई करते अपने लक्ष्य का निर्धारण अभी से ही करने के लिए धैर्य, अनुशासन व लगातार मेहनत करने की बात कही। इसके अलावे एंजेल ने कहा कि माडलिंग के नाम पर फिल्मों में हीरोइन बनाने के नाम पर कास्टिंग काउच और यौन उत्पीड़न के बारे में भी छात्राओं को आगाह किया। उर्सलाइन इंटरमीडिएटकालेज की प्रिंसिपल सिस्टर डा. मेरी ग्रेस टोप्पो ने टापर छात्राओं को शुभकामना देते हुए सर्वांगीण विकास को ले टिप्स दिया।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# झारखंड के लिए देह व्यापार एक अभिशाप : चीफ जस्टिस

## महिला उत्पीड़न व देह व्यापार के रोकथाम पर कार्यक्रम आयोजित

PHOTON NEWS RANCHI : महिला उत्पीड़न और देह व्यापार की रोकथाम पर रविवार को राज्य स्तरीय कांफ्रेंस रांची के ज्यूडिशियल एकेडमी में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि चीफ जस्टिस झारखंड संजय कुमार मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत महिला उत्पीड़न पर जागरुकता से जुड़े पुस्तक के विमोचन के साथ हुआ। इसके बाद झारखंड सहित दूसरे राज्य से आए न्यायाधीशों ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम पर व्याख्यान दिए। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि झारखंड के लिए देह व्यापार और महिला उत्पीड़न एक संवेदनशील विषय है। अक्सर यह घटना पीड़ित के नजदीकी द्वारा किया जाता है। घटना के बाद सबसे बड़ी जिम्मेदारी आरोपी को सजा दिलाने को लेकर है। इसमें पुलिस अधिवक्ता और न्यायाधीशों की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए देह व्यापार एक अभिशाप है। इसे कम


दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा।

करने की आवश्यकता है और यह जागरुकता के माध्यम से ही होगा। न्यायमूर्ति एस.एन. प्रसाद ने कहा कि महिलाएं सिर्फ मां नहीं हैं, बेटियां, बहनें नहीं हैं बल्कि समाज की असली निमार्ता हैं। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को महिलाओं की रक्षा करने की आवश्यकता है, क्योंकि कई वास्तविक चुनौतियां हमारे सामने खड़ी है। भारत के नागरिकों का भरोसा कायम करने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी झारखंड में आये दिन जादू टोना और मानव तस्करी की घटनाएं सामने आती है। ये राज्य का प्रमुख मुद्दा है। गुजरात उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सोनिया जी गोकानी ने कहा कि न केवल सामाजिक मानदंड और मान्यताएं बल्कि भ्रष्टाचार भी महिलाओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने बताया कि यद्यपि पाक्सो एक पूर्ण कानून है, तथापि वर्तमान में कुछ मुद्दे मौजूद हैं। उदाहरण के लिए सहमति से संबंधों के मामलों में एक लिंग पीड़ित होता है। संसद को सहमति से बने रिश्तों को लेकर कानून बनाना चाहिए क्योंकि पाक्सो एक्ट के तहत 70 से 80 प्रतिशत मामले सहमति से बने होते हैं। तीन तकनीकी सत्र में आयोजित सम्मेलन में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, झारखंड राज्य के प्रमुख सचिव और वरिष्ठ नौकरशाह, न्यायिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, एनजीओ के सदस्य, प्रशिक्षु सहायक लोक अभियोजक और एनयूएसआरएल और छोटानागपुर ला कालेज के कानून के छात्रों ने भाग लिया। सम्मेलन में महिलाओं के खिलाफ अपराध और मानव तस्करी के विभिन्न आयामों, इससे संबंधित कानून और नीतियों और घटना को रोकने, संभालने और पुनर्वास में विभिन्न हितधारकों की भूमिका पर चर्चा की गई।

### पुलिस, न्यायपालिका व सुधारगृहों को महिलाओं के प्रति होना पड़ेगा संवेदनशील

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि एक तरफ हम मातृ-शक्ति से प्रार्थना करते हैं, वहीं दूसरी तरफ महिलाओं के खिलाफ हिंसा देखते हैं। यह ठीक नहीं है। घर और कार्यस्थलों पर भी महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता है, क्योंकि महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक सक्षम हैं। मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने न्यायाधीशों और अधिकारियों से कहा कि हिंसा और तस्करी के पीड़ितों को किसी और आघात का शिकार नहीं होना चाहिए। पुलिस विभाग, न्यायपालिका और सुधार गृहों को संवेदनशील होने की जरूरत है। ऐसे मामलों से निपटने के दौरान सहानुभूति दिखानी चाहिए।

## अज्ञात वाहन के धक्के से रिटायर्ड कर्मी की मौत

CRIME REPORTER RANCHI : तुपुदाना ओपी क्षेत्र के रांची खूंटी रोड में सतरंजी के समीप रविवार की रात लगभग 9:00 बजे सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार चालक के द्वारा अपने चपेट में लेने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सतरंजी निवासी बंधना कच्छप के रूप में हुई। सड़क दुर्घटना की खबर पाकर मौके पर हाईवे 14 के पुलिसकर्मी तुरंत पहुंचे और तत्काल विंसेंट हॉस्पिटल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दिया । मृतक के परिजन दौड़े भागे हॉस्पिटल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मृतक बंधना बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत था और पिछले वर्ष रिटायर हुआ था। रिटायर होने के बाद सतरंजी स्थित अपने आवास में पत्नी एवं परिजनों के साथ रहता था । परिवार में एक बेटा और तीन बेटी है। परिजनों ने बताया कि वंधना बोकारो से शनिवार को सतरंजी स्थित आवास आया था। रविवार की रात घर आने के लिए सड़क पार कर रहा था, इस बीच खूंटी की ओर से आ रही सिल्वर कलर की कार के चालक ने तेज रफ्तार में अपने चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि बंधना को फुटबॉल की तरह उछाल दिया और तेजी से रिंग रोड होते हुए भाग निकला।

## IAS का PA बताकर अधिकारियों पर धौंस जमाने वाला गिरफ्तार

RANCHI : आईएएस विनय चौबे का पीए बनकर अधिकारियों पर धौंस जमाने वाले व्यक्ति को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लालपुर थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लोहरदगा के रहने वाले रवि वर्मा को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। रवि वर्मा झारखंड के कई आईएएस, आइपीएस सहित फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारियों को फोन कर के धौंस जमाता था। रवि वर्मा खुद को नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे का पीए बताया करता था, और फोन करने के बाद गलत सूचना देकर धौंस जमाता था। इसी दौरान शनिवार की रात रवि वर्मा के द्वारा लालपुर थाना प्रभारी को फोन कर धौंस जमाने की कोशिश की गई। जिसके बाद थानेदार ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## फूड सेफ्टी टीम ने न्यूक्लियस हाइट मॉल में की छापेमारी, जब्त किए FOOD सैंपल

CRIME REPORTER RANCHI : कांके रोड स्थित न्यूक्लियस हाइट मॉल में रविवार को फूड सेफ्टी टीम ने छापेमारी कर फूड सैंपल जब्त कर जांच के लिए लैब भेजा है। टीम ने ग्राउंड फ्लोर के कई फूड कोर्ट में छापेमारी कर यह सैंपल जांच के लिए लिए हैं। वहीं टीम ने साफ चेतावनी दी है कि अगर सैंपल से किसी तरह के मिलावट की जानकारी होती है तो संबंधित फूट कोर्ट पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ी तो लाइसेंस भी रद किया जा सकता है। फूड सेफ्टी टीम को न्यूक्लियस हाइट माल के फूड कोर्ट में क्वालिटी को लेकर लगातार शिकायत मिल रही थी। मिली शिकायत की जांच के बाद टीम ने छापेमारी की है। फूड सेफ्टी आफिसर सुधीर रंजन के नेतृत्व में यहां के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कई दुकानों की जांच की गयी। जिनमें


न्यूक्लियस हाइट मॉल में छापेमारी करने पहुंची टीम ● फोटोन न्यूज

जीआइनी आइसक्रीम शाप, वांगो के साथ-साथ द चौमिन सहित कई दुकानों से टीम ने सैंपल लिया और जांच के लिए भेज दिया।

**शहर के कई जगहों पर फूड सैंपल की जांच की जाएगी**

पूरे मामले पर फूड सेफ्टी आफिसर ने बताया कि कांके रोड सहित रांची में कई जगहों पर जांच की जाएगी। रविवार होने की वजह से माल में लोगों की ज्यादा भीड़ जुटती है। ऐसे में फूड स्टाल्स में बिक्री भी ज्यादा होती है। यही वजह है कि टीम ने जांच की कार्रवाई माल से शुरू की है। जल्दी ही कांके रोड के अतिरिक्त रांची के कई इलाके में जांच की जाएगी। बताया गया कि यह कोशिश है कि स्वादिष्ट और क्वालिटी युक्त भोजन लोगों को मिले। साथ ही जिनके पास फूड लाइसेंस नहीं है उन्हें नियमानुसार दिलाया जाएगा।

## चुटिया से प्रेमी के साथ फरार नाबालिग पलामू से धराया

RANCHI : इंटरनेट मीडिया पर परिचय आखिरकार प्यार में बदल गया। मोबाइल पर बात करते-करते कब प्रेम परवान चढ़ गया पता ही नहीं चला। साथ जीने-मरने की कसमें खाकर प्रेमी रांची के चुटिया पहुंचा और अपनी नाबालिग प्रेमिका को पलामू भगा ले गया। किसी फिल्मी पटकथा की तरह किरदार निभाने वाले नादान प्रेमी-युगल को शनिवार को पुलिस ने डालटेनगंज बस स्टैंड से पकड़ रांची पुलिस को सौंप दिया गया। प्रेमी को बिरसा मुंडा होटवार जेल जबकि प्रेमिका को प्रेमाश्रय भेज दिया गया। हनी पलामू के के पड़वा निवासी रजनीकांत मेहता और चुटिया क्षेत्र की नौवीं की छात्रा की है। दोनों का परिचय इंस्टाग्राम पर हुआ। शनिवार की सुबह में रजनीकांत मेहता रांची से नाबालिग प्रेमिका को भगा ले गया। काफी देर तक नाबालिग के घर से गायब रहने पर स्वजनों ने पहले तो अपने स्तर से खोजबीन शुरू की जब कुछ अता-पता नहीं चला तो चुटिया थाना को लिखित सूचना दी।

## गार्ड की धारदार हथियार से मारकर हत्या, आरोपी धराया

CRIME REPORTER RANCHI : रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बसारगढ़ स्थित एक अपार्टमेंट में नशा करने के दौरान हुए विवाद में गार्ड की धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गयी। घटना शनिवार देर रात की है। जहां गांजा पीने के दौरान हुए विवाद में अपार्टमेंट के गार्ड विद्यानंद शर्मा की हत्या कर दी गयी। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। हत्या के आरोपी संजय मिश्रा को देर रात बसारगढ़ से ही हिरासत में ले लिया गया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टांगी को भी पुलिस ने बरामद कर लिया। इस संबंध में मृतक के बड़े भाई रामप्रवेश शर्मा के लिखित आवेदन पर तुपुदाना ओपी में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आवेदन में राम प्रवेश शर्मा ने लिखा है कि मृतक विद्यानंद शर्मा उनका छोटा भाई था और अविवाहित था। घर में काम करने के साथ-साथ रात में अपार्टमेंट में गार्ड की नौकरी भी करता था। शनिवार की रात लगभग 9:30 बजे टिफिन में खाना लेकर ड्यूटी के लिए चला गया। कोड़ा पेट्रोल पंप के बगल में अपने भतीजे के घर में विद्यानंद शर्मा रहते थे। वह मूल रूप से जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के नेवटा गांव के निवासी थे।

इधर, रविवार को रांची के सिटी एसपी शुभांशु जैन ने प्रेस कांफ्रेंस कर हत्याकांड का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि मृतक विद्यानंद शर्मा और आरोपी दोनों बराबर एक साथ बैठकर गांजा पीते थे। इसी दौरान विवाद में आरोपी संजय मिश्रा ने विद्यानंद शर्मा की धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी।

## परविंदर जीत सिंह बने लायंस क्लब आफ रांची के अध्यक्ष

RANCHI : लायंस क्लब आफ रांची का 64वां पदस्थापना समारोह रविवार को रांची क्लब कंम्प्लेक्स के प्रांगण में स्थित लायंस हाल में सम्पन्न हुआ। जिसमें जिला 322अ के जिलापाल पी.एम.जे.एफ कमल जैन ने पदस्थापना समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस वसर पर जिलापाल कमल जैन ने कहा कि लायंस क्लब आफ रांची जिला 322अ का अग्रणी क्लब है एवं जिला 322अ के कार्यकमों को मूर्त रूप देने में लायंस क्लब आफ रांची की अहम भूमिका होगी।और उन्होने आश्वासन दिया कि जब भी जरूरत होगी वो लायंस क्लब आफ रांची के लिए हमेशा तैयार रहेंगें। पदस्थापना अधिकारी पूर्व जिलापाल सिद्धार्थ मजूमदार ने अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित पूरी कार्यकारिणी को सत्र 2023-24 के लिए शपथ दिलाकर विधि पूर्वक पदस्थापित किया।

## फरदीन का नया गाना LITTLE LOVE पर झूमने को हो जाएं तैयार, कल होगा रिलीज

### एक्टर शाहिद आलम और अभिनेत्री विंद का भी दिखेगा जलवा

PHOTON NEWS RANCHI : नवीनतम ट्रैक पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइए जो आपके दिल की धड़कनों को बढ़ाएगा। अपने दिलकश आवाज के लिए जाने वाले फरदीन ने अपने मनमोहक आवाज से इस गाने को जीवंत बना दिया है। ये गाना 18 जुलाई को रिलीज हो रहा है। इस गाने में बॉलर एक्टर शाहिद आलम भी हैं, जो सब तेरा में अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर चुके हैं। अपने अभिनय कौशल



के साथ, आलम पहले से ही लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बना चुके हैं। उनकी इस नई प्रस्तुति में स्टार-स्टेड लाइनअप में युवा अभिनेत्री विंद भी शामिल हैं। स्क्रीन पर उनकी उपस्थिति ताजी हवा के शोकेस की तरह है, जो थोड़ा-थोड़ा प्यार हुआ के मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत और गीत के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। दूरदर्शन फराहिन द्वारा निर्मित, यह गाना आपको बहुत पसंद आएगा। यह संगीतमय उत्कृष्ट कृति आपको गहराइयों में डूबने के लिए मजबूर कर देगी। सैयद फरदीन की आवाज में थोड़ा लिटिल लव गाना निष्चित ही आपको झूमने पर मजबूर कर देगा। गाने के रिलीज होने से पहले आयोजित पोस्टर रिलीज कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज सेवी पिया बर्मन, वैष्णवी, अर्श कामरान, अशफहान, शाम खान मौजुद थे।

## फर्जी लाइसेंस बनाकर हथियार की खरीद-बिक्री करने वाला बीएसएफ का पूर्व जवान धराया

RANCHI : फर्जी लाइसेंस बनाकर हथियार की खरीद बिक्री करने वाला बीएसएफ का पूर्व जवान रांची से गिरफ्तार हुआ है। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी रोड नंबर 6 में रेंट पर रहने वाला राम पुकार राय को सुखदेव नगर थाना की पुलिस के सहयोग से बिहार के आरा जिला की पुलिस ने रांची रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से आरा जिला के शाहपुर थाना क्षेत्र के बहोरणपुर का रहने वाला है। बीएसएफ का पूर्व जवान राम पुकार राय सरकारी वेबसाईट से शस्त्र लाइसेंसधारी का लाइसेंस डाउनलोड कर उसमें दूसरे व्यक्ति का फोटो लगाकर मुल (ऑरिजनल) लाइसेंस की तरह बनाकर उसी के आधार पर कलकत्ता से रेगुलर हथियार खरीदता था और उसे दूसरे व्यक्ति को महंगी कीमत पर बेचता था।

## रांची में अपराधी बेलगाम दो लोगों को मारी गोली

CRIME REPORTER RANCHI : बाइकसवार अपराधियों ने दो लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना रविवार की देर शाम की है। रातू थाना क्षेत्र के हाजी के चौक के पास एक होटल में वारदात हुई। यहां बाइक पर सवार होकर आए दो अपराधियों ने फायरिंग की। इस घटना में जब्बार अंसारी और इलिहास अंसारी को गोली लगी है। दोनों घायलों को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है। वहीं फायरिंग करने वाले अपराधी मौके से आराम से भाग निकले। बताया जा रहा है की अपराधी जिसे मारने के लिए पहुंचे थे वह कुछ मिनटों पहले ही वहां से चले गए थे। हाजी चौक के पास मुख्तार होटल में अचानक एक बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे और होटल की तरफ निशाना करके फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में होटल के बाहर चाय पी रहे दो लोगों को गोली लगी। फायरिंग की वजह से होटल के आसपास भगदड़ मच गई। एक सप्ताह पहले ही उग्रवादी संगठन टीपीसी के नाम पर जमीन कारोबारी कमरुल हक से 50 लाख रुपये लेवी की मांग की गई थी। रंगदारी नहीं मिलने पर कमरुल हक को जान से मार देने की धमकी भी दी गई थी।

## 72 हूरें फिल्म को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर

### हाई स्ट्रीट मॉल के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा

CRIME REPORTER RANCHI : पुलिस 72 हूरें फिल्म को लेकर अलर्ट है। इसको लेकर मेन रोड स्थित हाई स्ट्रीट मॉल के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके अलावा हिंदपीढ़ी थाने की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रही है। रिलीज के पहले ही 72 हूरें को लेकर विवाद चल रहा है। सात जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज फिल्म को लेकर एक विशेष धर्म समुदाय के लोगों ने नाराजगी जतायी है। ऐसे में सुरक्षा के मद्देनजर रांची के सिनेमा हॉल के बाहर 50 की संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। साथ हो मेन रोड स्थित हाई स्ट्रीट मॉल के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ायी है।

उल्लेखनीय है कि चार जून को फिल्म का टीजर रिलीज होने के बाद ही यह विवादों में आ गयी थी। यह फिल्म आतंकवाद, धर्म परिवर्तन और ब्रेन वॉश कर मासूमों से गलत काम करवाने पर आधारित है। सेंसर बोर्ड ने भी फिल्म 72 हूरें के ट्रेलर को सर्टिफाइड करने से इनकार कर दिया था और फिल्म के कुछ सीन्स में संशोधन करने को कहा था।

### अरघा सिस्टम से होगा पहाड़ी बाबा का जलाभिषेक, मंदिर परिसर में भी गंगाजल युक्त जल की होगी व्यवस्था

## SAAWAN की दूसरी सोमवारी आज, शिवालयों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़, रात से ही गूंजने लगे बोलबम के जयकारे

PHOTON NEWS RANCHI : सावन की दूसरी सोमवारी पर आज राजधानी के शिवालयोंमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगेगी। पहाड़ी मंदिर में देर रात 2.45 बजे से ही सरकारी पूजा आरंभ हो जाएगा। पहाड़ी बाबा का रुद्राभिषेक के बाद अहले सुबह 3.30 बजे आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया जाएगा। पहाड़ी बाबा सहित मंदिर



में स्थापित अन्य मंदिरों में सोमवारी पर अरघा सिस्टम से ही जलाभिषेक होगा। पहाड़ी बाबा मुख्य मंदिर के चारों ओर चार अरघा लगाया गया है। श्रद्धालु बाहर से ही अरघा में जल अर्पित करेंगे। जल अर्पण के लिए मंदिर समिति की ओर से गंगाजलयुक्त जल की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु मुख्य मंदिर के समीप से जल पात्र के साथ जल प्राप्त कर सकते हैं। शाम 07.30 बजे बाबा का नयनाभिराम श्रृंगार होगा। इसके बाद आरती उतारी जाएगी। रात नौ बजे तक दर्शन-पूजन चलेगा।

**रात भर सड़कों पर कांवरियों की भीड़ :** सावन की दूसरी सोमवारी पर राजधानी शिवमय बनी हुई है। श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु नामकुम स्थित स्वर्णरिखा नदी तट पर स्नान कर कांवर में जल भर कर विभिन्न शिवालयों की ओर विदा हुए। रात एक बजे से ही कांवर उठना शुरू हो गया। नामकुम से रांची आने वाले मार्ग पर आधी रात से ही कांवरियों का जत्था का आगमन आरंभ हो गया। पहाड़ी मंदिर में रात दो बजे से ही कांवरियों की भीड़ जुटना शुरू हो गया।

BRIEF NEWS

### संदिग्ध अवस्था में किशोरी का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**BHURKUNDA:** भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत बीचा गांव में संदिग्ध अवस्था में अपने ही घर में 16 वर्षीय किशोरी की शव पाया गया। शव मिलने की खबर से पूरे गांव में मातम छा गया। मृतका सरकारी स्कूल में 9वीं कक्षा की छात्रा थी। जानकारी के अनुसार बीचा गांव निवासी मदन मोहन सिंह और उनकी पत्नी शनिवार को सुबह काम करने निकल थे। शाम को वापस लौटने पर बड़ी पुत्री मनीषा कुमारी को मृत पाया। घटना के बारे में छोटी बेटी ने बताया कि वह कुछ काम से घर से बाहर गई थी। लौटने पर पाया कि मनीषा बेसुध पड़ी हुई है। रविवार को मामला प्रकाश में आने पर ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना शनिवार का बताया जा रहा है।

### इंटरनेशनल ड्रेगन बोट चैम्पियनशिप प्रतिभागी को जनप्रतिनिधियों ने किया आर्थिक सहयोग



**BHURKUNDA:** इंटरनेशनल ड्रेगन बोट चैम्पियनशिप थाईलैंड के लिए चयनित प्रतिभागी दिलेश्वर मुंडा को बिरसा ग्रीन टापू नेतुआ में बुके देकर सम्मानित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने आर्थिक सहयोग राशि देकर प्रोत्साहित किया। साथ ही शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। मौके पर मुखिया संदीप उरांव ने कहा कि इटरनेशनल ड्रैगन चैम्पियनशिप के पूर्व कोलकाता में 15 दिवसीय प्रैक्टिस होगा। इसके बाद 7 अगस्त से थाईलैंड में चैम्पियनशिप में बिरसा ग्रीन टापू नेतुआ निवासी दिलेश्वर मुंडा की टीम पूरे भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। ज्ञात हो कि थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल ड्रेगन बोट चैम्पियनशिप के लिए तीन प्रतिभागी का चयन हुआ है। लेकिन आर्थिक तंगी व समुचित व्यवस्था नहीं मिलने के कारण दो खिलाड़ी सुलेखा कुमारी व मिली कुमारी प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सकेंगी। बच्चों के चयन होने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सम्मानित कर रवाना करने वालो में मुख्य रूप से पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, पूर्व मुखिया शिवप्रसाद मुंडा, अजय मुंडा, जुगेश महतो आदि शामिल थें।

### लोग ऑनलाइन जुए में गंवा रहे हैं जमा पूंजी पुलिस बेबस

**RAMGARH:** रामगढ़ थाना क्षेत्र के शहर में ऑनलाइन जुए का खेल धड़ल्ले से फल फूल रहा है, जबकि देश का युवा जुए के चलते बर्बाद न हो इसके लिए सख्त कानून है, लेकिन पुलिस प्रशासन की अनदेखी से सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है और धंधे बाजों का जेब गर्म और मजदूरी करने वाले लोगों की जेब खाली हो रहा है। जुआ खिलाने वाले लोग हाईटेक तकनीकी का इस्तेमाल कर रहे हैं, लोग रोज दांव पर पैसा लगा रहे हैं। शहर में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो लोगों से पैसे लेकर नंबर लगाकर जीत-हार का खेल खेल रहे हैं। इस पर प्रभावी अंकुश लगाना पुलिस की जिम्मेवारी बनती है। रामगढ़ शहर के पुराना बस स्टैंड गोलपार रामगढ़ भुरकुंडा रोड आजाद बस्ती सहित अन्य स्थानों को इस धंधे में शामिल लोगों ने अड्डा बना रखा है। इस खेल को चलाने के लिए कुछ लोगों की नियुक्ति भी की गई है। जो लोगों से उनके मनचाहे नंबर पर बोली लगवाते हैं। शाम के समय इसका रिजल्ट आउट किया जाता है। लेकिन सबसे आश्चर्यजनक यह है कि इस प्रकार के धंधे बाजों को कहां से ऊर्जा मिलती है जो सार्वजनिक स्थल पर खुलेआम जुए का कारोबार कर रहे हैं। मामला रामगढ़ थाना क्षेत्र का है।

# भूमि विवाद में SSB जवान की मौत, पत्नी व बेटे सहित सात घायल

## दोनों ओर से जमकर चले धारदार हथियार और लाठी- डंडे



**PHOTON NEWS CHATARA:** थाना क्षेत्र के आमीन गांव में भूमि विवाद में हुए मारपीट में एक सीमा सुरक्षा बल के जवान की मौत हो गई। जबकि पत्नी, पुत्र व दूसरे अन्य रिश्तेदार सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट की घटना आमीन गांव में घटी। दोनों ओर से जमकर धारदार हथियार और लाठी डंडा चला। मारपीट के दौरान पूरा गांव रणक्षेत्र बना रहा। मृतक एसएसबी का जवान शिव कुमार यादव आमीन गांव का निवासी था और वह असम में पदस्थापित था। घायलों में इसकी पत्नी बसंती देवी, बेटा अभिषेक कुमार, बेटी अमृता कुमारी और चचेरा भाई जयराम यादव है। वहीं दूसरे पक्ष से मारपीट में घायल हुए लोगों में किशोरी प्रजापति, अनिल प्रजापति, संतोष प्रजापति, राजाराम प्रजापति शामिल है। मालूम हो कि दोनों पक्षों के बीच वर्षों से घर के सामने की जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है।

विवादित भूमि पर दूसरे पक्ष के किशोरी प्रजापति के द्वारा जबरन झोपड़ी गाड़ने का काम किया जा रहा था। जिसका विरोध करने सुबह अपने ड्यूटी से छुट्टी पर गांव आए एसएसबी के जवान शिव कुमार यादव वहां पहुंचा और विवादित भूमि पर झोपड़ी गाड़ने का विरोध किया। इसपर दूसरे पक्ष के किशोरी प्रजापति, अनिल प्रजापति, संतोष प्रजापति, राजाराम प्रजापति, सहित आधा दर्जन अन्य लोग उसे घेर लिया और मारपीट करने लगे। इस दौरान टांगी से प्रहार कर उसके सिर में घुसा दिया। उसके बाद एसएसबी जवान वही गिर गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। शिव कुमार यादव के बेटा अभिषेक, पत्नी बसंती देवी, बेटी अमृता और चचेरा भाई जयराम यादव वहां पहुंचा और दोनों पक्षों में घमासान मारपीट होने लगा। जिसमें सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष के संतोष प्रजापति की स्थिति गंभीर बना हुआ है। जिसे मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ अविनाश कुमार हंटरगंज अस्पताल पहुंचे और मामले की जायजा लिया। पुलिस मारपीट में शामिल आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया है।

### सम्मेलन से बदलेगा राजनीतिक समीकरण : रोशनलाल चौधरी



हजारीबाग के लिए रवाना होते आजसू कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** हजारीबाग में आयोजित आजसू का संसदीय स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल होने को ले रविवार को आजसू के केंदीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चैधरी के नेतृत्व में पतरातू प्रखंड के दर्जनों कार्यकर्ता हजारीबाग के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व आजसू कार्यकर्ता भुरकुंडा स्थित मतकमा चैक में एकत्रित हुए। रवानगी से पूर्व रोशनलाल चौधरी ने बताया कि हजारीबाग के पाराडाइज रिजॉर्ट में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में पूरे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के विभिन्न दलों को छोड़कर आये हजारों लोग आजसू पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। साथ ही राजनीति में मिल का पत्थर साबित होगा। हजारीबाग रवाना होने वालों में आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, विजय साहु, ब्यास पांडेय सहित दर्जनों आजसू कार्यकर्ता शामिल थें।

# दुमका में सड़क हादसा गोड्डा के चिकित्सक की मौत

## मेहरमा के बलबडडा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित चिकित्सक बासुकीनाथ में कर रहे थे मेला डयूटी

**PHOTON NEWS DUMKA:** झारखंड के दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के असंथर गांव के समीप रविवार की सुबह करीब दस बजे मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से बाइक सवार चिकित्सक 51 वर्षीय राकेश रंजन तिवारी की मौत हो गई। उनकी सावन मेला के दौरान बासुकीनाथ के संस्कार मंडप में डयूटी लगी हुई थी। राकेश गोडडा जिले के मेहरमा प्रखंड के बलबडडा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदाधिकारी थे और मेहरमा के गोविंदपुर के रहने वाले थे। मेडिकल कालेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया।

चिकित्सक की सावन मेला में बासुकीनाथ में डयूटी लगी थी और वे जरमुंडी में ही चिकित्सकों के लिए बने आवास में रहते थे। रात भर डयूटी करने के बाद वे बिना हेलमेट के लिए बाइक से दुमका की ओर आ रहे थे। असंथर के समीप उनकी बाइक गिर गई और सिर के पीछे गंभीर चोट लग गई। हादसे की सूचना मिलने पर जामा थाना के प्रभारी जितेंद्र साहू मौके पर पहुंचे और चिकित्सक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां से बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही एसडीओ कौशल कुमार और सिविल सर्जन डा. बच्चा प्रसाद सिंह अस्पताल पहुंचे और गोडडा के सिविल सर्जन से चिकित्सक के बारे में जानकारी ली। एसडीओ ने बताया कि शनिवार की रात चिकित्सक की संस्कार मंडप में डयूटी थी। रात भर डयूटी की। हो सकता है कि किसी काम से दुमका आ रहे हो। हेलमेट नहीं पहने रहने के कारण सिर के पिछले हिस्से में गहरी चोट लगने की वजह से उनकी मौत हो गई। वहीं सीएस का कहना था कि रविवार की सुबह पांच बजे बासुकीनाथ में चिकित्सक से बात की थी। इसके बाद मौत की सूचना मिली। वे 2009 बैच के थे। शव को एंबुलेंस से पैतृक घर भेज दिया गया है।



सिविल सर्जन से घटनाक्रम की जानकारी लेते एसडीओ कौशल कुमार। • फोटोन न्यूज

### रामगढ़ कंपूर्व उप विकास आयुक्त का हुआ निधन



**RAMGARH:** लंबे समय से बीमार चल रहे रामगढ़ जिले के पूर्व उप विकास आयुक्त श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा का आज सुबह स्वर्गवास हो गया। सूचना प्राप्त होने पर उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा सहित जिले के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने इस पर गहरा शोक व्यक्त किया वही उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने कहा कि इस दुख की घड़ी में जिला प्रशासन रामगढ़ उनके परिवार के साथ है।

### विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन के सम्मान समारोह में सिविल सर्जन को सम्मानित किया गया



**PHOTON NEWS RAMGARH:** विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन रामगढ झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 15 , 07, 2023 दिन शनिवार स्थान होटल मनोहर रेसिडेंशि के सभागार मे समय संध्या 7 बजे रामगढ सदर हॉस्पिटल के सिविल सर्जन माननीय प्रभात कुमार को संयुक्त रूप से बुके देकर सम्मानित किया गया एवं उज्वल भविष्य कि कामना कि गई, रामगढ सदर हॉस्पिटल को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, पुरे झारखंड मे समुचित व्यस्था व उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रथम आया है, हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद माननीय जयंत सिन्हा के अर्थक प्रयास से व प्रभात कुमार सिविल सर्जन के मेहनत से सम्भव हुआ है। ये सरेह दोनो को जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल थे, प्रदीप कुमार शर्मा, विश्व ब्राह्मण संघ के झारखंड प्रदेश के मुख्य महासचिव व विप्र फाउंडेशन के झारखंड प्रदेश महासचिव व हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि इला रानी पाठक, विश्व ब्राह्मण संघ के संरक्षक नवीन पाठक, छावनी परिषद कि नामित सदस्य कीर्ति गौरव, जिलाध्यक्ष महेश मिश्र तथा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामभगत शर्मा, राज कुमार प्रसाद , रमण शर्मा, अरविंद पांडे, रामानन्द मिश्र , कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा इत्यादी अनेकानेक लोग उपस्थित थे। अनेको वक्ताओ ने सम्बोधित किया, संचालन महेश मिश्र ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन श्याम शर्मा ने किया।

### विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर देवरिया में हुई बैठक



बैठक में उपस्थित आदिवासी समाज के लोग। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** भदानीनगर क्षेत्र के देवरिया पंचायत भवन में आदिवासी समाज पतरातू प्रखंड और केन्द्रीय मिलन सरहुल पुजा समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस धुमधाम से मनाने को लेकर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पुरे पतरातू प्रखंड के सभी पंचायतों में प्रचार प्रसार किया जायेगा। कार्यक्रम में पांच हजार महिला पुरूष पारंपरिक परिधानों और आदिवासी समाज की सांस्कृतिक का झलक दिखेगा। कार्यक्रम को लेकर प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक दर्शन गंझू, संरक्षक श्यामसुंदर करमाली, राजेन्द्र मुंडा, श्रीनाथ करमाली, तारणी देवी, सलाहकार सीताराम मुंडा, सीतराम बेदिया, संदीप उरांव, अध्यक्ष तुलसी बेदिया, दीपक मुंडा सहित 21 सदस्यी कार्यकारिणी सदस्य का गठन किया गया। बताया गया आगामी 18 जुलाई को देवरिया पंचायत भवन में समिति की बैठक होगी। जिसमें कार्यक्रम की चर्चा की जायेगी।

# आइसा की सम्मेलन मे नई सिक्षानिती चलाने की मांग

**PHOTON NEWS RAMGARH:** ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा का जिला सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन से पूर्व भाकपा माले जिला कार्यालय से जिले भर के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने तख्ती ,झंडा बैनर के साथ नारे से रामगढ़ शहर गूंजता रहा। नई शिक्षा नीति वापस लो, झारखंड के विश्वविद्यालय सेउवएळ वापस लो, रामगढ़ में इंटर कॉलेज बनाने एवं नामांकन की गारंटी करो,ओलचिकी भाषा में यूकेजी से पीजी तक की पढ़ाई गारंटी करो। नफरत नहीं अधिकार चाहिए शिक्षा और रोजगार चाहिए,सभी शैक्षिक संस्थानों में खाली पड़े पदों पर अभिलंब नियुक्ति करो। 4 साल से बंद पड़ेकल योजना को पुनः वितरण करो, सहित अन्य नारो से मार्च करते हुए यादव धर्मशाला पहुंचे। जहां सामाजिक व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हीरा गोप के द्वारा झंडा तोलना किया गया।




**सम्मेलन को संचालित करने के लिए 5 सदस्य अध्यक्ष मंडली किया गया गठन।**

सम्मेलन का उद्घाटन देवकी बेदिया एवम रामगढ़ कॉलेज के प्रोफेसर शाहनवाज खान ने किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश जब अदानी अंबानी के हाथों बेचा जा रहा है,शिक्षा जगत को भी गिने-चुने पूंजीपतियों के हाथों बेचने की तैयारी चल रही है, शिक्षा बेहतर होने की बजाय बदतर होती जा रही है, ऐसे दौर में आइसा छात्रों को पूरे देश भर में एकजुट कर रही है. आज जरूरत है शिक्षा की बचाने की लड़ाई तेज करने की। नहीं तो गरीब पिछड़े वर्ग के लोग शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। मुख्य वक्ता आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि आइसा गठन के 33 साल होने को है तब से लगातार सस्ती व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा सम्मानजनक रोजगार, भाईचारा महिलाओं की बराबरी, यौन हिंसा के खिलाफ एवं सामाजिक न्याय के लिए आंदोलनरत रही है। वर्तमान में नई शिक्षा नीति आने के बाद से शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 400% और बिहार विश्वविद्यालय में 15 गुना फीस बढ़ाना इसका उदाहरण है। कमोबेश सभी विश्वविद्यालय में फीस बढ़ाई गई है इससे झारखंड भी अछूता नहीं रहा है। नई शिक्षा नीति 40% ऑनलाइन शिक्षा की बात कर रही है। ऑनलाइन शिक्षा की वजह से गरीब एवं पिछड़े क्षेत्र के छात्र वंचित रह जाएंगे। झारखंड के उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रोफेसर तथा अन्य पदों पर हजारों पद खाली है। स्कूली शिक्षा की बात करें तो यूनेस्को के रिपोर्ट के अनुसार लगभग 7000 स्कूलों में औसतन 1 शिक्षक पढ़ा रहे हैं। प्रभात खबर की रिपोर्ट के अनुसार 95% स्कूलों में प्रधानाध्यापक नहीं है ,प्राथमिक और मध्य स्कूलों की हालत दयनीय होती जा रही है। पिछले 4 सालों से छात्र-छात्राओं को मिलने वाली साइकिल वितरण बंद हो गया है। सरकार के इस रवैया से छात्रों की शिक्षा बाधित हो रही है। झारखंड में इस बार कॉमन इंवर्सिटी इंटरेस्ट टेस्ट सीईटी लागू की गई है। उवएळ से छात्रों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सभी जिलों में सेंटर नहीं होने के कारण सुदूर एवं गरीब छात्र परीक्षा नहीं दे पा रहे हैं। उवएळ का ऑनलाइन परीक्षा होने से छात्रों को परेशानी हो रही है। जिसके कारण उच्च शिक्षा में छात्र छात्राएं शामिल होने से वंचित हो रहे हैं।

**प्रवेक्षक के मौजूदगी में 17 सदस्ये कमिटी हुई गठित**

अध्यक्ष सावित्री मुंडा,सचिव अंजली उपाअध्यक्ष विशाल मुंडा, प्रिया मुर्मो ,सह सचिव पूजा मरांडी, सावन कुमार, सुनीता हसदा, को चुना गया।

## बैठक में आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा एवं संगठन को गती प्रदान करने की बनी योजना


# विश्व हिंदू परिषद, रामगढ़ जिला बजरंग दल करेगा ग्राम स्तर तक जाकर समिति विस्तार : मनोज पोद्दार

**संगठन विस्तार, अखंड भारत संकल्प दिवस, स्थापना दिवस आदि पर विस्तृत रूप से हुई चर्चा।**



**PHOTON NEWS RAMGARH:** विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला बैठक गणक मैरिज हॉल रामगढ़ में शनिवार को संध्या 4:00 बजे विहिप जिला मंत्री छोटू वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार एवं प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख सह रामगढ़ जिला पालक मिथिलेश्वर मिश्र उपस्थित थे। मनोज पोद्दार जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा ₹बजरंग दल करेगा सभी ग्राम स्तर तक जाकर समिति विस्तार।₹ जो हिन्दू युवा हीनभाव से ग्रसित होता है वह भी बजरंग दल से जुड़कर अपनें को गौरवान्वित महसूस कर उत्साह से भर जाता है। इस लिए हमें संगठन को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। जिसके लिए हमें ग्राम स्तर तक बजरंग दल का समिति गठन करना है। बैठक में तय हुआ कि 15 जुलाई से 10 अगस्त तक संगठन विस्तार का कार्य ग्राम स्तर तक चलेगा। इसके अलावा 14 अगस्त को अखिल भारतीय कार्यक्रम के निमित्त अखंड भारत संकल्प दिवस तथा कृष्ण जन्माष्टमी के दिन विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस गांव गांव में मनाया जाएगा। साथ ही दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव ने कहा की सभी गांव मे जाकर माताओं बहनों को दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति से जोड़ा जाएगा। मिथिलेश्वर मिश्र ने प्रखंड बैठक की तिथि, समय और स्थान तय कर उस प्रखंड का पालक तय किया और सभी प्रखंड के कार्यक्रमों का और समितियों का वृत्त लिया। बैठक में मनोज पोद्दार प्रांत सह मंत्री, मिथिलेश्वर मिश्र प्रांत समरसता प्रमुख, छोटू वर्मा जिला मंत्री तरुण वर्मा जिला सह मंत्री, संतोष सिंह जिला सत्संग प्रमुख, अभय वर्मा जिला कोषाध्यक्ष, भागीरथ पोद्दार बजरंग दल जिला संयोजक, विकी बाबा, आनंद यादव, नैना कुमारी मुस्कान कुमारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विद्यार्थियों के पठन-पाठन में सुविधा के लिए हर सार्थक कदम उठाऊंगी : अंबा प्रसाद



उद्घाटन करती विधायक अंबा प्रसाद व मौजूद लोग। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** रीवर साईड स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय में रविवार को डीएमएफटी फंड से चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ। इसका शिलान्यास बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने शिलापट्ट का अनावरण कर व विधिवत नारियल फोड़कर किया। बताया गया कि चहारदीवारी का निर्माण 23 लाख की लागत से होगा। मौके पर अम्बा प्रसाद ने कहा की विद्यालय के चारदीवारी के निर्माण से विद्यार्थियो को सुरक्षा मिलेगी और स्कूल प्रांगण भी महफूज रहेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को पठन-पाठन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए हर सार्थक कदम उठाती रहूंगी।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Monday, 17 July 2023

BRIEF NEWS

## रेलवे का सिग्नल सिस्टम सुरक्षित और फुल प्रूफ : GM



**ROURKELA:** रेलवे का सिग्नल सिस्टम फूल प्रूफ है। कोई चीज फेल होने का यह मतलब नहीं है कि पूरा सिस्टम फेल है। केवल सिग्नल सिस्टम ही नहीं इंटर लॉकिंग सिस्टम भी फूल प्रूफ है। पिछले दिनों सिग्नल सिस्टम फेल होने के कारण बड़ा हदसा हुआ है,लेकिन आज के दौरे में सभी जगह सिग्नल व इंटर लॉकिंग की जांच की गई, तो सभी फूल प्रूफ पाए गए है। यह कहना था दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम अनिल मिश्रा का। जीएम एके मिश्रा राउरकेला स्टेशन में नए आरआरआइ बिल्डिंग में सिग्नल सिस्टम का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे जोन में राउरकेला एक अहम व बड़ा स्टेशन है। यहां के आरआरआइ बिल्डिंग जाकर सिग्नल सिस्टम व इंटर लाकिंग सिस्टम का जांच किया गया। जांच में सभी चीज फूल प्रूफ पाए है। जीएम ने कार्यरत रेलवे कर्मचारियों से बात की, वहीं किस तरह से वे यहां पर सिग्नल व इंटर लाकिंग सिस्टम पर काम करते है, इसकी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने कर्मचारियों को कई सुझाव भी दिए। जीएम एके मिश्रा ने कहा कि सितंबर माह तक राउरकेला रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म संख्या 6 का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसे शहर के लोगों के लिए भी शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर डीआरएम एजे राठौर, आरपीएफ के डीआइजी, सीनियर डीसीएम गजराज सिंह, राउरकेला स्टेशन मास्टर प्रभास दास समेत विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले का नाम रोशन करने वाले पदक विजेता 181 खिलाड़ी व 21 प्रशिक्षक सम्मानित



**CHAIBASA:** पश्चिम सिंहभूम जिला ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से रविवार को सनशाइन रेस्टोरेंट में जिले का नाम रोशन करने वाले पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उप महानिरीक्षक अजय लिंडा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, अनुमंडल पदाधिकारी शशिंद्र कुमार बड़ाइक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप खलखो, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी मौजूद रहे. जिनके हाथों से पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस दौरान एथलेटिक्स, कराटे, ताइक्वांडो, रग्बी, तीरंदाजी समेत विभिन्न खेल के 181 खिलाड़ियों एवं 21 प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया।

## कांग्रेसियों का भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ अभियान का हुआ शुभारंभ

**CHAIBASA:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ अभियान की घोषणा की गई है. अभियान का शुभारंभ रविवार से जिला मुख्यालय से कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास की अध्यक्षता में विधिवत की गई. कार्यक्रम का समापन 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के दिन जिले के शिक्षकों के सम्मान समारोह के साथ संपन्न होगी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह विधानसभा प्रभारी संगठन सनत चक्रवर्ती ने कहा कि इस अभियान का एकमात्र उद्देश्य है कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक तपस्वी की तरह पूरे देश को जोड़ने की कवायद शुरू की उसे हमें घर - घर तक पहुंचाना है।

# जुगसलाई राजस्थान शिव मंदिर में भागवत कथा 18 से 24 जुलाई तक

### गौभक्त डा. संजीव कृष्ण ठाकुर महाराज व्यासपीठ से रोजाना कथा का करेंगें प्रवचन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जुगसलाई एमईस्कूल रोड़ स्थित राजस्थान शिव मंदिर में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 18 से 24 जुलाई तक होने जा रहा हैं। कथावाचक अंतरराष्ट्रीय व्याख्याता पूज्यश्री गौभक्त डा. संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराज व्यासपीठ से रोजाना दोपहर 03 बजे से शाम 07 बजे तक कथा का प्रवचन करेंगें। सावन माह के पावन अवसर पर इसका



आयोजन जुगसलाई के गढ़वाल परिवार (थोई, राजस्थान निवासी) द्धारा किया जा रहा हैं। जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। यह जानकारी रविवार को आयोजनकर्त्ता राजेश गढ़वाल ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने आगे बताया कि कथावाचक डा. संजीव सोमवार को शहर पहुँचेंगें। प्रथम दिन 18 जुलाई मंगलवार को कलश यात्रा एवं श्रीमद् भागवत महात्मय कथा का प्रसंग होगा। दूसरे दिन 19 जुलाई बुधवार को पांडव चरित्र, श्री शुकदेव जी, राजा परीचित मिलन, तीसरे दिन 20 जुलाई गुरूवार को श्री ध्रुव, प्रहलाद चरित्र, श्री वामन जन्म, चौथे दिन 21 जुलाई शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव, पांचवें दिन 22 जुलाई शनिवार को श्री कृष्ण बाल लीलाएं, गोवर्धन महोत्सव, छठवें दिन 23 जुलाई रविवार को श्री कृष्ण रूकमणि विवाह महोत्सव तथा सातवें दिन 24 जुलाई सोमवार को श्री सुदामा चरित्र, व्यास पूजन की कथा का प्रसंग होगा। सोमवार को सुबह हवन के साथ कथा का विश्राम होगा।

# बिष्टुपुर तुलसी भवन में मारवाड़ी महिला मंच का राखी मेला शुरू

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** रविवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का शुभारंभ हुआ, जो मंगलवार 18 जुलाई तक चलेगा। मेला रोजाना सुबह 10 बजे से रात 09 बजे तक खुला रहेगा। रविवार को मेला का विधिवत उदघाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर कथावाचक परम पूज्य सीताराम शास्त्री ने किया। मौके पर आयोजकों ने परम पूज्य सीताराम शास्त्री को स्मृति चिन्ह तथा अन्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच अध्यक्ष बीना अग्रवाल ने बताया कि मेले मे



टोटल 51 स्टॉल लगे हैं। महिलाओं को सशक्त करने हेतु यह मेला विगत 30 वर्षों से निरंतर लगाया जा रहा हैं। हर साल की तरह इस साल भी मेले में एक ही छत के नीचे जमशेदपुर सहित चाईबासा, रांची, कोलकाता, मुंबई आदि शहरों की महिलाएं अपने उत्पादों का संग्रह लेकर आयी हैं। इस मेले में एक ही स्थान पर राखी, गिफ्ट आइटम, बेड शीट, लड्डू गोपाल की पोशाक, बंधनवार, साड़ी, कुर्ती और गृह सज्जा के सामानों का भरपूर कलेक्शन हैं। इसके अलावा गृह उपयोगी हाथों से बने आचार, पापड़, मंगोड़ी, खजला भी उचित मूल्य में मिल रहे हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक मेले में काफी चहल पहल रही। अध्यक्ष बीना अग्रवाल की अध्यक्षता में उदघाटन समारोह हुआ। जिसका संचालन सचिव सीमा अग्रवाल ने किया।

# नेवर डाईंग एवं आसमा इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** नेवर डाईंग सोशल फाउंडेशन एवं आसमा इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को यह आदित्यपुर के इमली चौक अन्नपूर्णा काली मंदिर प्रांगण के समीप मैरेज हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप आरबीएस कॉलेज के सेक्रेटरी व समाजसेवी भरत सिंह उपस्थित थे। शिविर में सहयोगी के रूप मे मीरा तिवारी, अरिजित सरकार , मौसमी मल्लिक उपस्थित थी। रक्तदान शिविर मैं कुल 35 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। जो की सुबह 9 बजे से और 4 बजे तक हुआ, रक्तदान शिविर में 35 रक्तदाताओं ने



भाग लिया।

**नेत्र जांच और स्वस्थ्य जाँच शिविर का हुआ आयोजन**

रक्तदान शिविर के अलावा नेत्र जांच और स्वस्थ्य जाँच शिविर का भी हुआ आयोजन किया गया। नेत्र जाँच शिविर का आयोजन वहीं स्वास्थ जांच शिविर में डॉ. मदीना, स्त्री रोग से रेणु शर्मा , अवध डेंटल कॉलेज एवम अस्पताल के माध्यम से लोगों की दांत भी जाँच की गई। इसके अलावे कार्यक्रम में ईएनटी के डॉक्टर भी उपस्थित थे। शिविर में लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। नेत्र जांच शिविर में 80 लोगों ने नेत्र जांच कराया। वहीं दंत चिकित्सा में 40 लोगों ने जांच कराया। स्त्री रोग के लिए 30 लोगों ने जांच कराया। ईएनटी में 36 लोगों ने जांच कराया ।

# कई छात्र नेताओं ने छात्र आजसू का थामा दामन, रामचंद्र सहिस ने दिलायी सदस्यता

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** आजसू पार्टी के जिला कमिटी एवं छात्र संघ का बैठक हुई। जिसमें झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस उपस्थित थे इस कार्यक्रम में अक्ळ्रड छात्र संघ के नगर उपाध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद ने आजसू छात्र संघ के कार्य प्रणाली से प्रभावित होकर आजसू छात्र संघ का दामन थामा। मौके पर रामचंद्र सहिस ने कहा कि इस प्रदेश में आजसू छात्र संघ हर यूनिवर्सिटी में छात्रों के समस्याओं को दूर करने के लिए हमेशा आंदोलनरत रहता है। यह वर्तमान सरकार युवा, छात्र विरोधी सरकार है और इन सभी के मामले में आजसू मुखर रूप से अपनी बातो को रखा है और लड़ाई लड़ता है।



यह छात्र नेता के लिए अच्छा मंच है आजसू परिवार में शामिल हुए छात्र नेता को बधाई। कोल्हान अध्यक्ष हेमंत पाठक ने कहा कि आज Aidso के नेता कामेश्वर प्रसाद ने आजसू छात्र संघ का दामन थामा है उनको बधाई है निश्चित रूप से इनके आने बाद पूरे जिला में छात्र संघ को बल मिलेगा और हर कॉलेज में संगठन मजबूत होगा और आजसू छात्र संघ हर समय छात्रोंके के समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन करता रहता है। बहुत जल्द कामेश्वर प्रसाद को जिला में एक अहम जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कामेश्वर प्रसाद ने कहा आजसू के कार्य प्रणाली को देखते हुए मैने आजसू छात्र संघ का दामन थामा है और पार्टी के नीति और सिद्धांत पे चलने का संकल्प लिया है और मेरा पहला उद्देश्य है की संगठन को और मजबूत करना। इस बैठक में जिला प्रभारी प्रो. रवि शंकर मोरया, जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, कोल्हान अध्यक्ष हेमंत पाठक, कार्यकारी जिलाध्यक्ष साहेब बागती, बुलुरानी सरदार, संजय मालाकार आदि उपस्थित थे।

# टेल्को थीम पार्क तालाब में डूबने से युवक की मौत

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** गोविंदपुर थाना अंतर्गत थीम पार्क स्थित तालाब में डूब जाने की वजह से 24 वर्षीय शिवचरण किस्कू की मौत हो गई है। इधर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार थीम पार्क स्थित तालाब में पास के ही रहने वाले 24 वर्षीय शिवचरण किस्कू अन्य 3 युवकों के साथ नहाने आए थे। जहां नहाने के क्रम में यह घटना घट गई। और वे तालाब में डूब गए कड़ी मशक्कत के बाद शिवचरण किस्कू का शव गोताखोरों की मदद से तालाब से बाहर निकाला गया। फिलहाल



पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह ने कहा कि वन विभाग को इस घटना से सीख लेने की जरूरत है क्योंकि इससे पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हुई है।

# 30 को पूर्व सैनिक मनायेंगे कारगिल विजय दिवस

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर की ओर से रविवार को भालूबासा स्थित जम्बु अखाड़ा में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 30 जुलाई को कारगिल विजय दिवस समारोह के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इस आयोजन के एक समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम को संबोधन करते हुए विनय यादव ने कहा कि कारगिल विजय दिवस समारोह के माध्यम से समाज में सैनिकों की एक नई पहचान कायम करना है। उन्होंने कहा कि इसी उदेश्य से आगामी 30 जुलाई को संध्या 4 बजे ट्यूब बारीडीह रिक्रिएशन क्लब में कारगिल दिवस समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में



वीरगति को प्राप्त हुए 526 शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने लोगों से आह्वान किया ।

**मनोज कुमार सिंह बने समिति के संयोजक**

**कार्यक्रम की समिति में मार्गदर्शक के रुप में हवलदार अवधेश कुमार,**

मुख्य संयोजक वहीं मनोज कुमार सिंह सह संयोजक कुंदन सिंह बनाया गया। साथ ही उमेश कुमार सिंह,सत्यप्रकाश एवं बिरजू कुमार को कार्यक्रम के व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उनेश कुमार शर्मा और दीपक सरकार जिम्मेदारी संभालेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष विनय यादव, राजेश कुमार, जसवीर सिंह, पवन कुमार, संजीव कुमार श्रीवास्तव, केएन सिंह आदि उपस्थिय थे।

# आरएसपी के दो मुख्य महाप्रबंधकों को मिली कार्यपालक निदेशक के पद पर प्रोन्नति

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) के दो मुख्य महाप्रबंधकों को कार्यपालक निदेशक के पद प्रोन्नति दी गई है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएँ) देवव्रत दत्ता को कार्यपालक निदेशक (ईएमडी), कोलकाता के रूप में प्रोन्नति दी गई है। जबकि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) ए के बेहुरिया को आरएसपी के कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) के पद पर प्रमोशन किया गया है। निर्देशक प्रभारी (राउरकेला इस्पात संयंत्र) अतनु भौमिक ने रविवार को निदेशक प्रभारी सचिवालय के परिचर्चा कक्ष में देवव्रत दत्ता और एके बेहुरिया को पदोन्नति आदेश पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यपालक



निर्देशक (संकाय) एसआर सूर्यवंशी, कार्यपालक निर्देशक (परियोजनाएं) पीके साहू, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सोमनाथ त्रिपाठी एवं कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. बी के होता उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक (एचएसएम) बोकारो स्टील प्लांट, आलोक वर्मा को आरएसपी में कार्यपालक निर्देशक (खान) के रूप में प्रोन्नति मिली है।

### सत्य, विश्वास और पारदर्शिता की व्याख्या ही जनसंपर्क के बुनियादी सिद्धांत : केके सेनगुप्ता

# विश्व जनसंपर्क दिवस पर ROURKELA इस्पात संयंत्र ने पीआरसीआई में किया सेमिनार आयोजित

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला। राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) के जनसंपर्क विभाग द्वारा भारतीय जनसंपर्क परिषद (पीआरसीआई), राउरकेला शाखा के सहयोग से राउरकेला क्लब में शनिवार शाम को जनसंपर्क की शक्ति का उपयोग विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया।

समारोह के मुख्य अतिथि आरएसपी के मुख्य महाप्रबंधक (सीएंडआईटी) केके सेनगुप्ता थे, वहीं विशिष्ट अतिथि एनआईटी राउरकेला के रजिस्ट्रार रोहन धीमान थे। इस दौरान आरएसपी के महाप्रबंधक (कार्मिक) डॉ. पीके साहू सेमिनार के मुख्य वक्ता थे। महाप्रबंधक प्रभारी (कार्मिक कार्य) धीरेंद्र मिश्रा और महाप्रबंधक (जन संपर्क) एवं संचार मुख्य तथा अध्यक्ष, पीआरसीआई, राउरकेला शाखा अर्चना सत्पथी भी मंचासीन थी। सेमिनार में मुख्य अतिथि केके सेनगुप्ता ने कहा कि किसी भी संगठन की छवि के निर्माण में सोचा-समझा हुआ, विश्वसनीय और शक्तिशाली संचार के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने 3 टीअर्थात सत्य, विश्वास और



पारदर्शिता की व्याख्या करके जन संपर्क के बुनियादी सिद्धांतों पर जोर दिया, जो मजबूत जन संपर्क के लाभों को प्राप्त करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता के लिए जनसंपर्क की अहम भूमिका पर बल दिया।

प्रोफेसर रोहन धीमान ने कहा कि अच्छे जनसंपर्क के लिए हमें संक्षिप्त तौर पर (बीआईडीएस) यानि की पहले अपनेपन, रुचि और निर्णय की भावना के साथ आम जनता बनने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, जिज्ञ-ासा, धारणा, समय की पाबंदी और ईमानदारी बनाए रखना मूल्यों को संतुलित करने की कुंजी है।

डॉ. पी.के. साहू ने अपने मुख्य भाषण में जन संपर्क और इसकी शक्ति को समझाने के लिए देश और समाज में उनके प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए पौराणिक कथाओं और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अंशों का जिक्र किया। अर्चना शत्पथी ने कई केस अध्ययनों के माध्यम से जनसंपर्क की शक्ति के उपयोग के बारे में चर्चा की।

इससे पहले समारोह के दौरान धीरेंद्र मिश्रा ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और मुख्य वक्ता को सम्मानित किया। समारोह की शुरूआत गणमान्यों द्वारा ज्ञान दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। पीआरसीआई के राज्य कार्यकारी सदस्य सनातन बिस्वाल ने सभा का स्वागत किया। पीआरसीआई राउरकेला शाखा की सदस्य शाहीन शेख ने समारोह का संचालन किया जबकि आरएसपी के प्रबंधक (जन संपर्क) सौम्य रंजन बिस्वाल ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# आदिवासियत की एकजुटता का परिचय देंगे उरांव समाज के लोग



**PHOTON NEWS CHAIBASA:** आदिवासी उरांव समाज संघ चाईबासा का 76 वां स्थापना दिवस आयोजन की एक समीक्षा बैठक रविवार को कुड़ुख सामुदायिक भवन पुलहातु में की गई, जिसकी अध्यक्षता समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष संचू तिर्की ने की ' बैठक को सम्बोधित करते हुए संचू तिर्की ने स्थापना दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी मुखियागणों, महिला सदस्यों तथा समाज के तमाम सदस्यों का आभार व्यक्त किया ' उन सभी आर्थिक सहयोग कर्ताओ का भी विशेष आभार प्रकट किया ' जिसके सहयोग से स्थापना दिवस का आयोजन सफल हो पाया ' विदित हो कि उरांव समाज संघ का स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष 30 जून को मनाया जाता है, और इस वर्ष यह आयोजन स्थानीय पिल्लई हॉल में सम्पन्न हुआ ' इस अवसर पर सामाजिक सहयोग से एक एंबुलेंस की व्यवस्था की गई ' जिसका संग्रहित सहयोग राशि एवं एंबुलेंस बनवाने में पूर्ण खर्च का व्योरा लालू कुजूर एवं पंकज खलखो के द्वारा प्रस्तुत किया गया ' इस एंबुलेंस को उद्घाटन भी स्थापना दिवस कि अवसर पर ही किया गया था ' समीक्षा करते हुए मुख्य सलाहकार सहदेव किस्पोट्टा ने सुझाव दिया कि अगले वर्ष से उत्तीण छात्र-छात्राओं को पुरस्कार के साथ-साथ सम्मान पत्र भी दिया जाएगा तथा उत्तीण छात्र-छात्राओं में से उच्चतम अंक से उत्तीण 10 छात्र-छात्राओं को टॉप-टेन में चयन किया जाएगा जिन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा ' बैठक में पुलहातु के नवनिर्वाचित मुखिया धर्मा तिग्गा उप मुखिया श्याम कच्छप एवं खजाँची राजेश खलखो को माला पहनाकर स्वागत किया गया ' अंत में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर भी चर्चा की गई ' अध्यक्ष संचू तिर्की एवं उपसचिव लालू कुजूर लोगों को आह्वान किया कि उस समारोह में सभी अपनी पारंपारिक वेशभूषा में कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित हो और अपनी आदिवासीयत की एकजुटता का परिचय दें ' समाज के सभी लोग 9 अगस्त आदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल होने हेतू उत्सुक है ' एवं इस आयोजन में अपने-अपने स्तर से प्रयासरत है सुखराम तिर्की, भीमा मिंज आदि उपस्थित थे।

# ऊंची उड़ान

इसरो ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से अपने चंद्रयान-3 को चांद के लिए रवाना कर दिया और इसके साथ ही आम भारतीयों ने 23-24 अगस्त का इंतजार शुरू कर दिया है, जब इसे चांद की सतह पर उतरना है। पिछला मिशन यानी चंद्रयान-2 हर चरण को सफलतापूर्वक पार करने के बाद इसी में नाकाम हो गया था। सॉफ्ट लैंडिंग करने के बजाय वह तेजी से चांद की सतह से जा टकराया और क्षतिग्रस्त हो गया। बड़ी बात यह कहिए कि न तो वह नाकामी हमारे मनोबल को कमजोर कर सकी और न ही उसने हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम की संभावनाओं को प्रभावित किया। यह सही है कि चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान-3 को रवाना करने में चार साल लगे, जिसे बहुत कम नहीं कहा जा सकता, लेकिन इस बीच कोरोना महामारी से उपजी चुनौतियां भी हमारे रास्ते में आईं थीं। बहरहाल, हमारे संकल्प के सबूत के तौर पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष में जा चुका है। निश्चित रूप से इस मिशन की कामयाबी काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह एक लंबे सिलसिले की बस शुरूआत है। चांद पर इसकी सफल सॉफ्ट लैंडिंग भारत को उन देशों के क्लब में सम्मानपूर्ण प्रवेश देगी जिसके अभी सिर्फ तीन सदस्य हैं- अमेरिका, रूस और चीन। भारत ऐसा करने वाला चौथा देश होगा। लेकिन इससे बड़ी बात यह है कि यह मिशन इसरो के आगामी अंतरिक्ष अभियानों का रास्ता साफ करेगा। सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल इसी साल लॉन्च किया जाना है। पृथ्वी के वातावरण और उसकी सतह के अध्ययन के लिए अमेरिका के साथ एक जॉइंट मिशन 2024 में तय है और अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन गगनयान 2025 में छोड़ा जाना है। ध्यान रहे, इसी साल 21 जून को भारत ने अमेरिका की अगुआई वाले संयुक्त चंद्र अभियानों से जुड़े आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे जहां भारत को स्पेस टेक्नॉलजी में अमेरिकी महारत का फायदा मिलेगा, वहीं इसरो के कॉस्ट इफेक्टिव लॉन्च फैसिलिटी का भी बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा। यही नहीं, समझौते में शामिल अन्य देशों - फ्रांस, जापान और ऑस्ट्रेलिया- के साथ भी करीबी सहयोग का मौका मिलेगा। इस बीच देश में स्पेस एक्सप्लोरेशन का जो इकोसिस्टम विकसित हुआ है, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गौर करने की बात है कि चार साल पहले यानी चंद्रयान-2 लॉन्च किए जाते समय देश में स्पेस सेक्टर की मात्र 10 स्टार्टअप कंपनियां थीं। अब इनकी संख्या बढ़कर 140 हो गई है। इसरो ने सुविचारित ढंग से स्पेस सेक्टर में प्राइवेट कंपनियों के लिए गुंजाइश बनाई है जिसका एक फायदा यह भी है कि वह अब अपनी ऊर्जा स्पेस साइंस से जुड़े कोर एरिया में केंद्रित कर सकेगा। जाहिर है यह नया क्षेत्र भारत के सामने खुल रहा है और उसे इसमें बहुत आगे जाना है।

# दोस्ती और मजबूत होगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर फ्रांस में थे। बैस्टील डे परेड प्रोग्राम में वह गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर शामिल हुए। यह यात्रा इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों का यह 25वां साल है। द्विपक्षीय रिश्तों के संदर्भ में यह बात याद की जा सकती है कि फ्रांस ने भारत को उस समय समर्थन दिया था, जब उसे इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद भारत पर प्रतिबंध लगाए जाने का फ्रांस ने विरोध किया था। इस पॉजिटिव पॉइंट से दोनों देशों के रक्षा संबंध आगे ही बढ़ते गए। फ्रांस भारतीय सेना को आधुनिक लड़ाकू जेट और पनडुब्बियों जैसे महत्वपूर्ण साजो-सामान की आपूर्ति करता रहा। 2018 से 2022 के बीच फ्रांस भारत का दूसरा सबसे बड़ा डिफेंस सप्लायर बन गया। आज की तारीख में देश के कुल रक्षा आयात का 29 फीसदी फ्रांस से ही होता है। पीएम मोदी की मौजूदा यात्रा इस मायने में अहम मानी जा रही है कि इसमें 26 राफेल मरीन फाइटर जेट्स और तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की खरीद का समझौता हो सकता है। अगर यह हो जाता है तो भारत को सैन्य हथियारों के मामले में उस अनिश्चितता से उबरने में आसानी होगी, जो यूक्रेन युद्ध के चलते रूसी डिफेंस सप्लाई में आई बाधाओं के चलते पैदा हुई है। इसके अलावा भारत और फ्रांस के रिश्तों का एक और अहम पहलू यह है कि भू-राजनीति के हाल के दिनों में बदलते समीकरण भी इन दोनों देशों को करीब ला रहे हैं। कई वजहों से ट्रांस अटलांटिक अलायंस सिस्टम में फ्रांस कुछ अलग-थलग पड़ा दिख रहा है। उदाहरण के लिए, 2021 में बने ऑकस (ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका) का जिक्र किया जा सकता है, जिससे फ्रांस को बाहर रखा गया। फ्रांस इसका जवाब भारत जैसे देशों से अपनी करीबी बढ़ाने की कोशिशों के रूप में दे रहा है। यह स्थिति भारत के अनुकूल है, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसके साथ तालमेल बढ़ाना चाहता है। बढ़ाए भी क्यों ना। आखिर दोनों देश इस क्षेत्र में वर्चस्वादी चीन के खिलाफ हैं। लेकिन फिर भी दोनों देशों के रिश्तों का सबसे अहम पक्ष व्यापारिक गतिविधियों का ही है। इसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा संभावनाएं भी हैं। हालांकि इस क्षेत्र में भी प्रगति हुई है लेकिन इसके बावजूद 2022-23 में दोनों देशों के बीच का व्यापार महज 12.56 अरब डॉलर का रहा। जानकारों के मुताबिक यह काफी कम है और थोड़े प्रयासों से भी इसमें अच्छा-खासा इजाफा हो सकता है। इसलिए दोनों पक्षों को अब भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच जल्द से जल्द मुक्त व्यापार समझौता करने की दिशा में प्रयास तेज करने पर ध्यान देना चाहिए।

# अंतरिक्ष में कामयाबी के बढ़ते कदम

ANALYSIS



प्रभुनाथ शुक्ल

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रक्षेपण की सफलता पर वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि अंतरिक्ष में चंद्रयान-3 एक नए चैप्टर की शुरूआत है। अंतरिक्ष में बढ़ते कदम की वजह से चंद्रमा के साथ-साथ अन्य तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस मिशन का उपयोग हम विभिन्न क्षेत्रों में करेंगे। इसकी वजह कृषि एवं दूसरे क्षेत्र में बड़ा फायदा मिलेगा। हमारे सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम की वजह से मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। भीषण चक्रवातीय तूफानों की त्वरित सूचना समय पर उपलब्ध होने से लोगों को आपदा से बचा लिया जा रहा है। जनधन की हानि को नियंत्रित किया जा सका है। चंद्रमा कभी हमारे लिए किस्से कहानियों में होता था। दादी और नानी कि कहानियों में उसके बारे में जानकारी मिलती थी। लेकिन आज वैज्ञानिक शोध और तकनीकी विकास की वजह से हम चांद को जीतने में लगे हैं। चंद्रलोक के बारे में वैज्ञानिक जमीनी पड़ताल कर रहे हैं। चंद्रलोक की बहुत सारी जानकारी हमारे पास उपलब्ध है।**



अंतरिक्ष विज्ञान में भारत बड़ी महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। अंतरिक्ष की दुनिया में सबसे कम खर्च में हमारे वैज्ञानिकों ने बुलंदी का झंडा गाड़ा है। हम चांद को जीतने निकल पड़े हैं। कभी हम साइकिल पर मिसाइल रखकर लांचिंग पैड तक जाते थे, लेकिन आज हमारे पास अत्याधुनिक तकनीकी उपलब्ध है, जिसका लोहा अमेरिका और दुनिया के तकनीकी एवं साधन संपन्न देश मानते हैं। इसरो ने 14 जुलाई को श्रीहरि कोटा से सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रयान -3 का सफलता पूर्वक प्रक्षेपण कर दिया। यान पृथ्वी की कक्षा में स्थापित भी हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रक्षेपण की सफलता पर वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि अंतरिक्ष में चंद्रयान-3 एक नए चैप्टर की शुरूआत है। अंतरिक्ष में बढ़ते कदम की वजह से चंद्रमा के साथ-साथ अन्य तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस मिशन का उपयोग हम विभिन्न क्षेत्रों में करेंगे। इसकी वजह कृषि एवं दूसरे क्षेत्र में बड़ा फायदा मिलेगा। हमारे सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम की वजह से मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। भीषण चक्रवातीय तूफानों की त्वरित सूचना समय पर उपलब्ध होने से लोगों को आपदा से बचा लिया जा रहा है। जनधन की हानि को नियंत्रित किया जा सका है। चंद्रमा कभी हमारे लिए किस्से कहानियों में होता था। दादी और नानी कि कहानियों में उसके बारे में जानकारी मिलती थी। लेकिन आज वैज्ञानिक शोध और तकनीकी विकास की वजह से हम चांद को जीतने में लगे हैं। चंद्रलोक के बारे में वैज्ञानिक जमीनी पड़ताल कर रहे हैं। चंद्रलोक की बहुत सारी जानकारी हमारे पास उपलब्ध है। दुनिया के लिए चांद अब रहस्य नहीं है। अब वहां मानव जीवन बसाने के लिए भी रिसर्च किए जा रहे हैं। वैज्ञानिक शोध से यह साबित हो गया है कि चांद पर जीवन बसाना आसान है। सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो मिशन चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग की तैयारी में जुटा है। यह चंद्रयान -2 मिशन को आगे बढ़ाने की कोशिश है, क्योंकि यह अभियान वैज्ञानिकों के अथक प्रयास के बाद भी कक्षा में स्थापित होने के पहले विफल हो गया था। लिहाजा उस अभियान से सबक लेते हुए अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने सारी कमियों को दूर कर लिया है। उम्मीद है कि देश का यह अभियान सफल होगा और भारत का नाम अंतरिक्ष युग में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। चंद्रमा पर सफल और सुरक्षित लैंडिंग करने वाले अब तक सिर्फ तीन देश हैं जिसमें अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत भी इस बिरादरी में शामिल हो जाएगा। देश के लिए यह गर्व और गौरव का विषय होगा। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के अनुसार यह मिशन पूरी तरह चंद्रयान- 2 की तरह ही होगा। अभियान पर करीब 615 करोड़ रुपये का खर्च आया है। यह 50 दिन बाद लैंड करेगा। इस यान में भी एक आर्बिटर, एक लैंडर और एक रोवर होगा। यह चंद्रयान -2 के मुकाबले इसका लैंडर 250 किलोग्राम अधिक वजनी होगा और 40 गुना अधिक स्थान का घेराव करेगा। यान की गति प्रतिघंटा 37 हजार किलोमीटर वैज्ञानिकों ने उस तकनीकी गड़बड़ी को दूर कर लिया है जिसकी वजह से चंद्रयान-2 सफलता के करीब पहुंचने के बाद भी फेल हो गया था। इस बार अंतरिक्ष संगठन की पूरी कोशिश है कि यह पूरी तरह सफल हो। 23 अगस्त तक सब ठीक रहा तो चंद्रतल पर इसे सुरक्षित स्थापित किया जाएगा। इस मिशन का यह सबसे चुनौतीपूर्ण मसला है। चंद्रयान-2 मिशन पर 978 करोड़ रुपये का खर्च आया था। 50 दिन से कम समय में 30844 लाख किलोमीटर से अधिक दूरी तय की थी। लेकिन अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के भरपूर प्रयास के बावजूद भी मिशन फेल हो गया था।चंद्रमा की कक्षा में सफल लैंडिंग के पूर्व रूस, अमेरिका भी कई बार विफल हो चुका था। लेकिन चीन अकेला ऐसा देश था जिसने इस मिशन को पहली बार में ही सफलता हासिल कर लिया था। भारत चार साल बाद पुनः अधूरे मिशन को कामयाब करने में जुटा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत रंग लाएगी। यह अभियान अंतरिक्ष के युग में एक बड़ी कामयाबी साबित होगा। इसरो के इस अभियान पर दुनिया की निगाहें भारत पर टिकी हैं। अमेरिका, जैसे देश के अलावा चीन इस पर विशेष रूप से नजर गड़ाए है। भारत की सफलता अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में जहां इन देशों के लिए चुनौती साबित होगी। वहीं अभी तक अंतरिक्ष में अपना आधिपत्य समझने वाले हमारी ताकत को समझने लगेंगे। इससे बड़ी उपलब्धि हमारे लिए और क्या हो सकती है। दुनिया की सबसे बड़ी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने सफल प्रक्षेपण की बधाई दिया है। यूरोपीयन स्पेस एजेंसी, इंग्लैंड और फ्रांस ने भी सफल प्रक्षेपण की भारतीय वैज्ञानिकों की पीठ थपथपाई है। भारत के धुर विरोधी पाकिस्तान ने भी चंद्रयान -3 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो को शुभकामनाएं दी हैं। यह अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती ताकत का परिणाम है।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# कानून का उपहास उड़ाने की प्रवृत्ति

कानून और नियमों का उल्लंघन करने के बावजूद उसका परिणाम भुगतने से बच निकलना नेहरू-गांधी परिवार की खास फितरत रही है। अतीत में यह परिवार इसमें सफल होता रहा है, लेकिन इस बार परिवार खुद को मुश्किल में फंसा देख रहा है। ताजा मामला मोदी सरनेम पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की टिप्पणी से जुड़ा है। यदि राहुल गांधी को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली तो कानून के शिकंजे से बच निकलने वाली परिवार की परंपरा टूट जाएगी। इस सिलसिले की शुरूआत प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दौर से ही हो गई थी। नेहरू सरकार के दौर में हुए जीप घोटाले की जांच के लिए बनी समिति ने उसमें गड़बड़ी पाई, लेकिन उस रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। बाद में यह जानकारी आई कि जीप आपूर्ति करने वाली ब्रिटिश कंपनी के साथ सौदा संदिग्ध था। उस कंपनी से जीप खरीद के सौदे का निर्देश प्रधानमंत्री कार्यालय से ही सीधे लंदन स्थित उच्चायोग को दिया गया था। तब उच्चायुक्त रहे वीके कृष्ण मेनन ने अपने दस्तखत से जीप खरीद का सौदा किया, जबकि उस समझौते पर दस्तखत संबंधित अधिकारी के होने चाहिए थे। उस कंपनी को एक लाख 72 हजार पाउंड एडवांस भी दे दिए गए। जब जीप घोटाले पर हंगामा हुआ तो मेनन के खिलाफ कार्रवाई के बजाय 3 फरवरी, 1956 को उन्हें केंद्र में बिना विभाग का मंत्री बना दिया गया। अगले साल उन्हें रक्षा मंत्री बनाया गया। मेनन को संतुष्ट इसलिए रखा गया ताकि जीप घोटाले का दाग किसी अन्य हस्ती पर न लगे। हालांकि, मेनन ने जीप घोटाले की असली कहानी 1969 में एक पत्रकार को बताई जो चुनावी सभाओं में मेनन के लिए दुभाषिये का काम कर रहे थे। मेनन तब बंगाल के मिदनापुर से लोकसभा का उपचुनाव लड़ रहे थे। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की कहानी तो बहुत पुरानी भी नहीं है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 1975 में उनका लोकसभा निर्वाचन रद कर दिया। इंदिरा गांधी ने न्यायालय के आदेश का पालन करने के बजाय ऐसी परिस्थितियां बना दीं कि आपातकाल लगा दिया। उस दौरान तमाम ज्यादतियों के बावजूद वह कानूनी शिकंजे से बच निकलीं। स्पष्ट है कि यह परिवार हमेशा खुद को नियम-कानून से ऊपर मानता रहा, लेकिन अब परिदृश्य बदल रहा है। पहले कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में रहती थी, मगर अब उसके पास लोकसभा में प्रतिपक्ष का नेता बनाने की पात्रता भी नहीं रही। याद रहे कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर हैं। इस परिवार के साथ एक रुझान यह भी रहा है कि भले ही उन पर कार्रवाई अदालतें करें, लेकिन उनके समर्थक उसे सरकारों और विरोधी दलों की साजिश के रूप में प्रचारित करते आए हैं। 1977 में इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरुद्ध कांग्रेसियों ने मोरारजी देसाई सरकार के खिलाफ हंगामा किया था। इसी तरह कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के खिलाफ अदालती निर्णय को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ हंगामा किया और उसे जारी रखे हुए हैं। आपातकाल की ज्यादतियों के खिलाफ मोरारजी देसाई सरकार ने शाह आयोग गठित किया था। संजय गांधी और उनके समर्थकों ने शाह आयोग के सुनवाई स्थल पर जाकर भारी तोड़फोड़ की थी। 1979 में मोरारजी देसाई सरकार गिर गई। इंदिरा गांधी ने कांग्रेस के बाहरी समर्थन से चरण सिंह को प्रधानमंत्री बनवाया। जब इंदिरा गांधी ने चरण सिंह को संदेश भिजवाया कि संजय गांधी के खिलाफ मोरारजी सरकार के दौर में शुरू हुए मुकदमे वापस करा लीजिए तो चरण सिंह इसके लिए तैयार नहीं हुए। इंदिरा गांधी ने समर्थन वापस ले लिया और चरण सिंह सरकार गिर गई। फिर 1980 में इंदिरा गांधी सत्ता में लौटीं तो संजय के खिलाफ मामलों में अभियोजन पक्ष ने ढिलाई बरतनी शुरू कर दी और अंततः न केवल संजय, बल्कि वीसी शुक्ल जैसे उनके साथी भी बरी हो गए। बोफोर्स तोप खरीद में दलाली और घोटाले के दाग भी नेहरू-गांधी परिवार के दामन पर पड़े। राजीव गांधी भी इसकी जद में आए। उस खरीद में दलाली के भुगतान की बात थी जबकि दलाली लेने की भारत सरकार ने पहले ही मनाही कर रखी थी। वीपी सिंह सरकार में उस मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई। वीपी सिंह सरकार गिरने के बाद राजीव के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने बाहर से समर्थन देकर चंद्रशेखर सरकार बनवाई। सरकार बनते ही राजीव गांधी ने चंद्रशेखर पर यह दबाव डलवाया कि वह बोफोर्स केस को ठंडे बस्ते में डाल दें। चंद्रशेखर ने ऐसा करने के बजाय प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। राजीव गांधी को इसकी कतई उम्मीद नहीं थी। उन्होंने चंद्रशेखर को संदेश भिजवाया कि इस्तीफा वापस ले लीजिए, पर चंद्रशेखर ने यह कहते हुए उनकी बात ठुकरा दी कि ह्राजीव जी, प्रधानमंत्री के पद को मजाक का विषय मत बनाइए। वाजपेयी सरकार के दौरान सीबीआइ ने बोफोर्स मामले को लेकर कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया। राजीव गांधी के निधन के बाद उनका नाम आरोपपत्र के दूसरे कालम में दर्ज था जैसा कि मृतक आरोपित के साथ होता है। फरवरी, 2004 में जब दिल्ली हाई कोर्ट ने बोफोर्स मामले में राजीव गांधी तथा अन्य के खिलाफ घूसखोरी के आरोप खारिज कर दिए तो वाजपेयी सरकार ने उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करने में देर कर दी। इस बीच मनमोहन सिंह के नेतृत्व में सरकार बन गई। उस सरकार से अपील की उम्मीद बेमानी ही थी। उस दौरान इस मामले में एक अजीब बात जरूर हुई कि नवंबर 2019 में आयकर विभाग ने बोफोर्स दलाल विन चड्ढा के मुंबई स्थित फ्लैट को करीब 12 करोड़ रुपये में नीलाम कर दिया, क्योंकि आयकर न्यायाधिकरण ने पता लगा लिया था कि बोफोर्स सौदे में दलाली ली गई थी।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



भारत और फ्रांस... एक बंधन जो समय से परे है, हमारे साझा मूल्यों में गूंजता है और हमारे सामूहिक सपनों को प्रज्वलित करता है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, भारत रत्न व पद्मविभूषण पुरस्कार से सम्मानित अरूणा आसफ अली जी की जन्म-जयंती पर उन्हें सादर नमन।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**



कर्नाटक केसरी जगन्नाथ राव जोशी जी एक कुशल संगठक और लोगों के बीच काम करने वाले नेता थे। गोवा मुक्ति संग्राम में उनका त्याग व योगदान देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित है। राष्ट्र व संगठन के प्रति जगन्नाथ राव जी का समर्पण प्रेरणीय है। ऐसे सिद्धांतवादी जननेता की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**

# योगीतत्व, वृक्ष का महत्व, जीवन रक्षा कवच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास के मामले में पिछली सभी सरकारों को बहुत पीछे छोड़ है। अनेक रिकार्ड कायम कर चुके हैं। अब वह अपने ही रिकार्डों को पिछे छोड़ रहे हैं। इसमें पौधरोपण अभियान भी शामिल है। इस बार 35 करोड़ से अधिक पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। यह नया रिकार्ड होगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक साथ पांच करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। छह वर्षों में सवा सौ करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं। एक से सात जुलाई तक आयोजित जागरुकता सप्ताह चलाया गया। 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' का संदेश गूंजेगा। हाइटेक नर्सरी तैयार होगी। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग होगी। 'मुख्यमंत्री कृषक वृक्ष धन योजना' लागू होगी। 'खेत पर मेड़-मेड़ पर पेड़' के संदेश को चरितार्थ होगा। विगत वर्षों में बनाए गए 'खाद्य वन, बाल वन, नगर वन, अमृत वन, युवा वन और शक्ति वन' जैसे नियोजित पौधरोपण का अभियान आगे बढ़ेगा। पर्यावरण के बिगड़ने की समस्या से मानव जीवन प्रभावित हो रहा है। यह पशु पक्षियों, जीव-जंतुओं, पेड़ पौधों, वनस्पतियों, वनों, जंगलों,पहाड़ों, नदियों सभी के अस्तित्व के लिए घातक है। पर्यावरण और जीवन परस्पर आश्रित है। वृक्ष मानव के स्वास्थ्य का सबसे बड़ा रक्षा कवच है। वृक्ष के आसपास रहने से जीवन में मानसिक संतुलन और संतुष्टि मिलती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अनेक योजनाओं ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इनमें से कई विश्वस्तर पर भी प्रतिष्ठित हुई है । वन महोत्सव में पौधरोपण इसी प्रकार का अभियान रहा है। भारत की केंद्र और उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार पर्यावरण व प्रकृति संरक्षण के प्रति सजग है। इसको पर्यटन व तीर्थाटन से भी जोड़ा गया है। यह विकास की समग्र अवधारणा में समाहित विचार है। इसके दृष्टिगत पर्यटन व तीर्थ स्थलों का विकास और इनसे संबंधित राजमार्ग का निर्माण शामिल है। विगत वर्षों के दौरान इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। योगी आदित्यनाथ ने राम वनगमन मार्ग को वन महोत्सव अभियान में शामिल किया। इसके अंतर्गत इस मार्ग पर त्रेता युगकालीन वाटिकाओं की स्थापना होगी। भारत में आदिकाल से प्रकृति संरक्षण का विचार रहा है। योगी आदित्यनाथ उससे प्रेरणा लेते हैं। उनका मानना है कि अतीत से जुड़ना वर्तमान समाज के लिए आवश्यक है। त्रेता युग की वाटिका व उपवन भी वर्तमान पीढ़ी में पर्यावरण चेतना का संचार करेंगी। महर्षि वाल्मीकिकृत रामायण में अयोध्या से चित्रकूट तक राम वन गमन मार्ग में मिलने वाली अट्ठासी वृक्ष प्रजातियों एवं वनों एवं वृक्षों के समूह का उल्लेख है। महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण एवं विभिन्न शास्त्रों में श्रृंगार वन, तमाल वन, रसाल वन,चम्पक वन, चन्दन वन,अशोक वन, कदम्ब वन,अनंग वन, विचित्र वन,विहार वन का उल्लेख मिलता है। रामायण में उल्लिखित अट्ठासी वृक्ष प्रजातियों में से कई विलुप्त हो चुकी हैं अथवा देश के अन्य भागों तक सीमित हो गई हैं। यथा रामायण में उल्लिखित रक्त चंदन के वृक्ष वर्तमान में दक्षिण भारत तक सीमित हैं। वन विभाग द्वारा राम वन गमन मार्ग में पड़ने वाले जनपदों अयोध्या, प्रयागराज चित्रकूट में रामायण में उल्लिखित अट्ठासी वृक्ष प्रजातियों में से प्रदेश की मृदा, पर्यावरण व जलवायु के अनुकूल तीस वृक्ष प्रजातियों का रोपण कराया जा रहा है। यह वृक्ष प्रजातियां- साल, आम, अशोक, कल्पवृक्ष पारिजात, बरगद, महुआ, कटहल, असन, कदम्ब,अर्जुन, छितवन, जामुन, अनार, बेल, खैर, पलाश, बहेड़ा, पीपल, आंवला, नीम, शीशम, बांस, बेर, कचनार, चिलबिल, कनेर, सेमल, सिरस, अमलतास, बड़हल हैं। मानव सभ्यता को बचाने के लिए वर्तमान कृषि प्रणाली में कृषि वानिकी, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन सभी को अपनी खेती में बराबर का स्थान देना होगा।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों का प्रदर्शन जारी है। लगातार नौ दिन से धरना- प्रदर्शन कर रहे ये पंचायत स्वयंसेवक अब उतावले होने लगे हैं। अब तो यह चेतावनी भी दे रहे हैं कि उनकी मांगे नहीं मानी गईं तो 20 जुलाई को भिक्षाटन कार्यक्रम करने के लिए मजबूर होंगे। पांच सूत्री मांगों को लेकर राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ द्वारा यह धरना- प्रदर्शन राजभवन के पास जारी है। संघ की मुख्य 5 मांगे हैं। इनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 10 सदस्य प्रतिनिधि मंडल की वार्ता, किसी भी विभाग में समायोजन, स्वयंसेवक को स्थाई किया जाने, स्वयंसेवक का पद का नाम बदलकर पंचायत सहायक करने और स्वयंसेवक के लिए मानदेय लागू करना शामिल है। किया जाए। संघ की ओर से चेतावनी दी गई है कि राज्य सरकार मांगे पूरी नहीं करती है तो 20 को राजभवन से फिराया लाल चौक तक भिक्षाटन कार्यक्रम किया जाएगा। बात नहीं बनी तो आगामी विधानसभा सत्र में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। सवाल यह है कि यदि मांगे जाते हैं तो सरकार मान क्यों नहीं लेती। यदि जायज नहीं है प्रदर्शन लंबा कर्मों खिंच रहा है। इसे समाप्त करने की कोशिश की जानी चाहिए।

**अनिल महतो (टाईगर), पूर्व जीप सदस्य सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# बांग्लादेश बनाम भारत: बल्लेबाजों ने किया निराश, वर्षा प्रभावित मैच में 40 रन से हारी टीम इंडिया

**मीरपुर (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को रविवार को यहां बारिश से प्रभावित शुरूआती एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश से डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 रन से हार मिली। बांग्लादेश महिला टीम ने वनडे में पहली बार भारत को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई।

बांग्लादेश से मिले 153 रन के लक्ष्य के जवाब में भारत की शुरूआत खराब रही और टीम इससे उभरने में कामयाब नहीं हुई। बारिश के कारण मैच को 44 ओवर का कर दिया गया था लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरना और बड़ी साझेदारी ना होने की वजह से वर्षा प्रभावित मैच में भारतीय टीम 113 रन पर ढेर हो गई। बड़ी बात यह थी कि कोई भी खिलाड़ी 20 रन के आंकड़े को भी पार नहीं सकी जबकि ओपनिंग आर्डर पूरी तरह से विफल रहा। सबसे ज्यादा 20 रन दीप्ति शर्मा ने बनाए।

वहीं इससे पहले भारत की युवा तेज गेंदबाज अमनजौत कौर ने वनडे में पदार्पण पर 31 रन देकर चार विकेट हासिल किये जिससे बांग्लादेश की टीम रविवार को यहां बारिश से प्रभावित शुरूआती एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 43 ओवर में 152 रन पर सिमट गई। इस 23 साल की गेंदबाज ने सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून, फरगना हक, कप्तान निगार सुल्ताना और राबिया खान के विकेट झटके जिससे बांग्लादेश की टीम बारिश के कारण 44-44 ओवर के किए गए मैच में जूझती नजर आई। निगार सुल्ताना घरेलू टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं, उन्होंने शेरे बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में 39 रन की पारी खेलने के अलावा फरगना हक (27 रन) के साथ 49 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई।

बांग्लादेश की अंतिम बल्लेबाज शोर्ना अख्तर 44वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरी क्योंकि वह चोटिल थीं। इससे पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया।



अमनजोत और बायें हाथ की स्पिनर अनुषा बारेड्डी ने वनडे पदार्पण किया जबकि शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पूनिया ने 2021 के बाद पहली बार भारतीय टीम में वापसी की। बांग्लादेश के लिए शोर्ना अख्तर ने अपना वनडे पदार्पण किया।

## लक्ष्य सेन अमरीकी ओपन से बाहर, सेमीफाइनल में फेंग से हारे



**काउंसिल ब्लफ्स (अमरीकी) (एजेंसी)।** भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन को अमरीकी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में चीन के ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग से संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त सेन दूसरी वरीयता प्राप्त फेंग के खिलाफ 17-21, 24-22, 17-21 से हार गए। शनिवार की रात को खेला गया बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट का यह मुकाबला एक घंटे 16 मिनट तक चला। विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी फेंग और 12वीं रैंकिंग के सेन के बीच यह मुकाबला काफी करीबी रहा।

शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ी 17 अंकों तक बराबरी पर थे लेकिन के बाद चीन के खिलाड़ी ने आक्रामक रवैया दिखाया जबकि भारतीय खिलाड़ी ने कुछ गलतियां की। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेन ने हालांकि दूसरे गेम में अच्छी वापसी की। पहले गेम की तरह दूसरे गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों खिलाड़ियों ने लंबी रैलियां की और 22 अंक तक दोनों बराबरी पर थे। लक्ष्य ने इसके बाद लगातार दो अंक बनाकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

तीसरा और निर्णायक गेम पहले गेम की पुनरावृत्ति था। फेंग ने शुरू में बढ़त बनाई और इंटरवल तक वह 11-8 से आगे थे। सेन ने हालांकि हार नहीं मानी और 17 अंकों तक स्वयं को मुकाबले में बनाए रखा। चीन के खिलाड़ी ने इसके बाद दबाव बनाया तथा मैच अपनी झोली में डाला। सेन का फेंग के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 5-2 है। उन्होंने पिछले सप्ताह कनाडा ओपन में चीन के खिलाड़ी को 21-18, 22-20 से हराकर अपना दूसरा बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 खिताब जीता था।

## पाक टीम को विश्वकप के लिए भारत दौरे पर जाना चाहिय: मिस्बाह

**कराची (एजेंसी)।** कराची (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने कहा है कि उनके देश को एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम भारत भेजनी चाहिये। मिस्बाह ने कहा कि अगर नहीं नहीं होता तो ये प्रशंसकों के साथ भी अन्याय होगा। इससे लोगों को भारत-पाक के बीच होने वाला एक शानदार मुकाबला नहीं देखने को मिलेगा। इस पूर्व क्रिकेट ने कहा कि जब दोनो ही देश अन्य खेलों में एक दूसरे का सामना करते हैं तो क्रिकेट में क्यों नहीं कर सकते। साथ ही कहा कि खेल को राजनीति से अलग रखना चाहिये। उन्होंने कहा कि लोगों को खेल से वंचित करना ठीक नहीं है।

इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, ''यह उन प्रशंसकों के साथ बहुत बड़ा अन्याय होगा जो दोनो देशों के मुकाबले को बहुत पसंद करते हैं। गौरतब है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल ही में आईसीसी से कहा था कि भारत के साथ राजनीतिक तनाव को देखते हुए एकदिवसीय विश्वकप के लिए दौरे का फैसला सरकार की मंजूरी के बिना नहीं लिया जा सकता है। भारत में विश्वकप इस साल अक्टूबर-नवंबर में खेला जाएगा।

मिस्बाह का मानना है कि अब समय आ गया है कि पाक को भारत जाना चाहिए और भारतीय टीम को भी मैच खेलने के लिए पाक का दौरा करना चाहिए। उन्होंने कहा, '' निश्चित तौर पर पाक और भारत को विश्व कप खेलना चाहिए। वैसे भी हमारी टीम भारतीय परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखती है। वहीं पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी का भी मानना है कि पाक को विश्व कप के लिए भारत जाना चाहिए।

## विंबलडन 2023 में चेक की खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रोसोवा ने रचा इतिहास, ओन्स जाबेउर को हराकर पहली बार जीता खिताब

**विंबलडन(एजेंसी)।** विंबलडन 2023 में महिला एकल के फाइनल मुकाबले में इतिहास रचते हुए चेक गणराज्य की 24 वर्षीय खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रोसोवा ने खिताब हासिल किया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में 15 जुलाई को ट्यूनीशिया की ओन्स जाबेउर को सीधे सेटों में हराया है। वोंद्रोसोवा खिताब जीतने वाली सबसे कम रैंकिंग की और पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी है।

मार्केटा वोंद्रोसोवा ने 6-4 और 6-4 से ओन्स जाबेउर को शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा किया है। ये उनके करियर का पहला ग्रैंड स्लैम है। इस जीत के साथ उन्होंने इतिहास भी रच दिया है। पिछले साल की उपविजेता और छठी वरीयता प्राप्त जाबेउर इस वर्ष भी खिताब हासिल करने से चूक गई। इससे पहले मार्केटा वोंद्रोसोवा वर्ष 2019 में फ्रेंच ओपन के फाइनल तक पहुंचने में सफल हुई थी मगर तब वो खिताब नहीं जीत सकी थी।

वहीं इस बार विंबलडन 2023 की शुरुआत में ये किसी को अंदाजा नहीं था कि मार्केटा वोंद्रोसोवा खिताब पर कब्जा जमा लेंगी। वह खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ ऑल इंग्लैंड क्लब में नहीं आई थी।



लेकिन उनका यह दौरा यादगार बन गया और वह ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनकर घर लौटेगी। वोंद्रोसोवा ने मैच के बाद कहा,'' मैं वास्तव में नहीं जानती कि अभी क्या हो रहा है। यह शानदार एहसास है। मैं जिस दौर से गुजरी उसे देखते हुए यह वास्तव में शानदार है कि मैं यहां खड़ी हूं और मेरे हाथ में ट्रॉफी है।''

बता दें कि पिछले साल अप्रैल से अक्टूबर तक चोटिल होने के कारण वोंद्रोसोवा बाहर रही थी। इसका आलम ये रहा था कि वर्ष 2022 के अंत में उनकी रैंकिंग 99 पर पहुंच गई थी। वहीं चोटिल होने के कारण ही उन्होंने पिछले वर्ष विंबलडन में भाग नहीं लिया था। बाएं हाथ से खेलने वाली वोंद्रोसोवा की विश्व रैंकिंग 42 है और वह पिछले 60 वर्षों में विंबलडन में फाइनल में खेलने वाली पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बनी थी। उनसे पहले यहां 1963 में फाइनल में पहुंचने वाली आखिरी गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बिली जीन किंग थी जो वेल्स की राजकुमारी केट के साथ रॉयल बॉक्स में उपस्थित थी। मैच के बाद किंग ने वोंद्रोसोवा को गले लगाया और कहा,'' पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी। मुझे बहुत अच्छा लगा।'' तेज हवा चलने के कारण सेंटर कोर्ट को छत से ढक दिया गया था जिसका वोंद्रोसोवा ने पूरा फायदा उठाया। उनके बाएं हाथ से लगाए गए शॉट अक्सर सही जगह पर गिरे। वोंद्रोसोवा दोनों सेट में पिछड़ रही थी लेकिन पहले सेट में उन्होंने लगातार चार अंक बनाकर जीत दर्ज की जबकि दूसरे सेट में अंतिम तीन गेम जीतकर खिताब अपने नाम किया। यह उनका पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है।

## भारत–पाक मैच के लिए अभी से होटल और उड़ानें हो रही बुक, किराये में भारी उछाल

अहमदाबाद ।अक्टूबर में यहां एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में होने वाले भारत–पाकिस्तान मुकाबले को लेकर अभी से होटलों और उड़ानों पर असर पड़ने लगा है। इस टूर्नामेंट में भारत–पाक मुकाबला 15 अक्टूबर को खेला जाएगा जिसमें अभी तीन माह बचे हैं पर अभी से ही बुकिंग हो गयी है। इसी कारण मैच से एक दिन पहले 14 अक्टूबर की हवाई यात्रा के टिकटों की कीमत में भारी तेजी आई है। यह उछाल दिल्ली–अहमदाबाद और मुंबई–अहमदाबाद रूट के बीच विशेष रुप से देखा जा रहा। बाजार जानकारों के अनुसार, जब से आईसीसी कार्यक्रम की घोषणा आधिकारिक तौर पर की गई है, एक रात के लिए होटल किराये में 5 गुना वृद्धि हुई है। लक्जरी होटल का किराया प्रति रात 50,000 रुपए तक पहुंच गया है। इसके साथ ही विमान के टिकट की कीमतें भी तेजी से बढ़ी हैं। तीन महीने पहले बुकिंग करने पर भी हवाई किराया सामान्य से छह गुना अधिक महंगा पड़ रहा है। आगे कहा गया, अगस्त और सितंबर में इकोनॉमी क्लास का दिल्ली–अहमदाबाद टिकट लगभग 3000 रुपए का होगा पर मैच से एक दिन पहले उसी टिकट की कीमत 20,000 रुपए होगी।

## कुलदीप को टेस्ट में अवसर दिया जाये : कुंबले



मुम्बई । दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा है कि कैरेबियाई पिचों पर चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को अवसर मिलना चाहिये। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनो ही पारियों में कुल 12 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। कुलदीप में इस दौर में एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है पर वह टेस्ट टीम में नहीं हैं। अब देखना है कि कुंबले की मांग पर कब उन्हें चयनकर्ता टेस्ट टीम में जगह देते हैं। कुलदीप ने भारतीय टीम की ओर से अपना अंतिम मैच दिसंबर 2022 में बांग्लादेश की ओर से खेला था। इस पूर्व स्पिनर ने कहा कि टेस्ट में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिये, क्योंकि वह बहुत ही अच्छे स्तर का का स्पिनर हैं। एक लेग स्पिनर काफी आक्रामक होता है और हालात अगर कठिन हों तो उसे खेलना मुश्किल होता है। कुंबले ने साथ ही कहा कि लेग स्पिनर जरुर रन देते हैं पर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए साथ लेकर चलने की जरुरत होती है। ऐसे में जब भी अवसर मिले उन्हें टीम में शामिल करें। उन्होंने कहा कि टेस्ट प्रारूप के हिसाब से कुलदीप एक अच्छे स्पिनर हैं। उन्हें जब भी मौका मिला है उन्होंने अच्छा ही प्रदर्शन किया है। ऐसे में जिस प्रकार अन्य स्पिनरों को अवसर दिसे जा रहे हैं उसे भी देना चाहिये।

# एशियाई चैंपियनशिप: पारूल चौधरी ने 5000 मीटर में रजत के साथ दूसरा पदक जीता

**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत की लंबी दूरी की दिग्गज धाविका पारूल चौधरी ने रविवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक के साथ अपना दूसरा पदक जीता। शुक्रवार को 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीतने वाली पारूल ने 5000 मीटर में 15 मिनट 52.35 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता।

जापान की युमा यामामोटो ने 15 मिनट 51.16 सेकेंड के समय से शीर्ष पर रहीं। पारूल के नाम पर 5000 मीटर स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है जो 15 मिनट 10.35 सेकेंड का है। अंकिता ने इसी स्पर्धा में 16 मिनट 3.33 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले किशन कुमार और केएम चंदा ने अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला 800 मीटर दौड़ में रजत पदक जीते। किशन एक मिनट 45.88 सेकेंड के समय के साथ कतर के अबुबाकर एच अब्दाला (एक मिनट 45.53 सेकेंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

चंदा ने महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में दो मिनट 1.58 सेकेंड का समय लिया। श्रीलंका की एमके दिसानायका दो मिनट 0.66 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रहीं। इससे पहले किशन का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक मिनट 46.17 सेकेंड जबकि चंदा का दो मिनट 1.58 सेकेंड था।

प्रियंका गोस्वामी और विकास सिंह ने भी क्रमश– महिलाओं और पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीते। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका ने महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल में एक घंटा 34 मिनट और 24 सेकेंड का समय लेकर चीन की यांग लिउजिंग (1:32:37) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। जापान की युकिको उमेनो ने 1:36:17 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

प्रियंका का सर्वश्रेष्ठ समय हालांकि एक घंटा 28 मिनट और 45 सेकेंड है। इस



स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय भावना जाट एक घंटा, 38 मिनट और 26 सेकेंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रही। पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में विकास ने एक घंटा, 29 मिनट और 32 सेकेंड का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। जापान के युतारो मुरायामा (1:24:40) ने स्वर्ण पदक जबकि चीन के वांग काइहुआ (1:25:29) ने रजत पदक जीता। भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अक्षदीप सिंह रेस पूरी नहीं कर पाए क्योंकि जजों ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया था। विकास का सर्वश्रेष्ठ समय एक घंटा 20 मिनट और पांच सेकेंड है। यह उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला पदक है। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 10 किमी पैदल चाल में रजत पदक जीतने वाली प्रियंका और विकास 17 से 29 अगस्त तक हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व चैंपियनशिप और 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

## भारत की संगीता ने हंगरी रैंकिंग सीरीज में कांस्य जीता

बुडापेस्ट ।भारतीय महिला पहलवान संगीता फोगाट को हंगरी रैंकिंग सीरीज कुश्ती प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर आने के साथ ही कांस्य पदक मिला है। संगीता ने बुडापेस्ट में आयोजित हंगरी रैंकिंग सीरीज कुश्ती चैंपियनशिप के 59 किग्रा वर्ग में हुए एक आसान से हंगरी की विक्टोरिया बोरसोस को आसानी से हरा दिया। संगीता ने तीसरे–चौथे स्थान के लिए हुए मैच में बोरसोस को निर्णय द्वारा जीत (वीपीओ1) में 6–2 से हराया। संगीता ने इस मुकाबले के दौरान ही टेकडाउन मूव के साथ बढ़त बना ली। वहीं हंगरी की पहलवान ने 2–2 से स्कोरबराबर कर लिया पर संगीत ने इसके बाद आक्रामक उग्र अपना कर मुकाबले पर दबदबा बना लिया। संगीता इस टूर्नामेंट में संयुक्त राज्य अमेरिका की जेनिफर पेज रोजर्स से मिली हार के बाद रेपेचेज राउंड के जरिये सेमीफाइनल में पहुंची थीं। यहां उन्होंने तीसरे दौर में एक अन्य अमेरिकी पहलवान ब्रेंडा ओलिविया रेयना को तकनीकी श्रेष्ठता (वीएसयू1) से 12–2 से हराकर वापसी की।

## मेसी ने इंटर मियामी के साथ किया करार, क्लब ने की पुष्टि




वाशिंगटन ।अर्जेंटीना को फीफा वर्ल्ड कप का खिताब दिलाने वाले लियोनल मेसी ने इंटर मियामी क्लब के साथ आधिकारिक करार कर लिया है। क्लब की नंबर 10 शर्ट पहने हुए 36 वर्षीय महान खिलाड़ी का एक वीडियो इंटर के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया गया। क्लब ने बाद में इसकी पुष्टि की कि दिसंबर 2025 तक मेसी इंटर मियामी क्लब के लिए ही खेलेंगे। मेसी ने कहा, 'मैं इंटर मियामी और संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने करियर का अगला कदम शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह एक शानदार अवसर है और हम साथ मिलकर इस खूबसूरत सफर को जारी रखेंगे। विचार यह है कि हमने जो उद्देश्य निर्धारित किए हैं उन्हें हासिल करने के लिए मिलकर काम करें। मैं यहां अपनी नई टीम में खेलने के लिए बहुत उत्सुक हूं।' पूर्व बार्सिलोना और पेरिस सेंट–जर्मन स्टार 21 जुलाई को मैक्सिको के क्रूज अजुल के खिलाफ लीग कप मैच में इंटर मियामी के लिए पदार्पण करेंगे। जून में मेसी ने घोषणा की कि वह फ्लोरिडा संगठन में शामिल होने के लिए पीएसजी छोड़ रहे हैं, जिसका आंशिक स्वामित्व इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड बेकहम के पास है। फॉरवर्ड ने तब से कहा है कि वह अपने करियर के आखिरी चरण का आनंद लेने के लिए उत्सुक हैं, उन्होंने पिछले दिसंबर में कतर में अर्जेंटीना के लिए फीफा विश्व कप जीतने का अपना अंतिम लक्ष्य हासिल कर लिया है। एमएलएस कमिश्नर डॉन गार्बर ने कहा, 'हमें बहुत खुशी है कि दुनिया के महानतम खिलाड़ी ने इंटर मियामी और मेजर लीग सॉकर को चुना। उनका निर्णय हमारी लीग और उत्तरी अमेरिका में हमारे खेल के पीछे की गति और ऊर्जा का प्रमाण है।' मेसी मौजूदा समय में दुनिया के सबसे उम्दा फुटबाल खिलाड़ी माने जाते हैं। उन्होंने अपने करियर में अब तक दो बार विश्व कप गोल्डन बॉल विजेता, तीन बार यूईएफए पुरुष खिलाड़ी ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता है।

# क्या भारतीय टीम के खिलाड़ी के रुप में गब्बर का कैरियर खत्म

### –धवन को मिल रही किस बात की सजा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय सेलेक्टर्स ने एशियन गेम्स 2023 के लिए टीम इंडिया का ऐलान किया, तब कई युवा खिलाड़ियों की किस्मत जाग उठी। रिंकू सिंह, प्रभसिमरन, जितेश शर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों के घर में यकीनन खुशी का माहौल है। हालांकि, टीम के चयनकर्ताओं ने टीम चयन के साथ ही एक स्टार बल्लेबाज शिखर धवन के करियर पर ग्रहण भी लगा दिया है। माना जा रहा था कि गब्बर को इस टूर्नामेंट के लिए टीम की कप्तानी सौंपी जाएगी। हालांकि, कप्तानी छोड़िए धवन को टीम में जगह तक नहीं दी गई है। इसके बाद यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या धवन के लिए टीम इंडिया के दरवाजे अब हमेशा के लिए बंद हो गए हैं?

पिछले साल जब टी-20 वर्ल्ड कप के लिए धवन को नजरअंदाज किया गया था, तब गब्बर का कहना था कि उनका फोकस 50 ओवर के वर्ल्ड कप पर है। हालांकि, सच्चाई यह है कि धवन को टी-20 की तरह ही वनडे टीम से भी लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। वेस्टइंडीज दौरे पर टीम इंडिया को तीन वनडे खेलने हैं, लेकिन उस टीम में गब्बर का दूर-दूर तक नाम शुमार नहीं है। इसके बाद धवन भारत की धरती पर होने वाले विश्व कप में टीम में शामिल होने वाले हैं, या नहीं यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

दरअसल बीसीसीआई ने जब एशियन गेम्स 2023 में भारतीय टीम को भेजने का फैसला किया, तब बताया गया कि टूर्नामेंट में बी टीम शिरकत करेगी। तभी से ऐसी अटकलें थी कि एशियन गेम्स में शिखर धवन को टीम की कमान सौंपी जा सकती है। हालांकि, भारतीय सेलेक्टर्स ने सभी को हैरान कर रुतुराज गायकवाड़ को टीम का कप्तान नियुक्त किया और गब्बर को टीम में जगह तक नहीं मिली।

जहां धवन का टीम में चयन ना होना यकीनन थोड़ा चौंकाने वाला है। गब्बर आखिरी बार टीम की जर्सी पहनकर साल 2022 में उतरे थे। वनडे में बांग्लादेश के खिलाफ दिसंबर में धवन ने अपना आखिरी मैच खेला था। इस सीरीज में धवन का बल्ला खामोश रहा था और उन्होंने तीन मैचों में सिर्फ 18 रन बनाए थे। हालांकि, इस सीरीज में फ्लॉप होने के बाद धवन की वनडे टीम में वापसी नहीं हुई। 167 वनडे मैचों में 44.11 की औसत से 6,793 रन बनने वाले बाएं हाथ के इस खिलाड़ी का रिकॉर्ड इतना भी खराब नहीं है कि उन्हें अब मौके ही ना दिए जाए।

साल 2022 में धवन ने 22 वनडे मैच खेले थे और इस दौरान 34 की औसत से उनके बल्ले से 688 रन निकले थे, जिसमें छह अर्धशतक शामिल थे। वहीं, 2021 में गब्बर ने 59.40 की औसत से 297 रन बनाए थे। टी-20 टीम से धवन का नाता पहले ही टूट चुका है। एशियन गेम्स 2023 का फॉर्मेट भी फटाफट वाला है और शायद इस वजह से भी उन्हें टीम में नहीं रखा गया है। हालांकि, वनडे में बेमिसाल रिकॉर्ड होने के बावजूद धवन की अनदेखी थोड़ी चौंकाने वाली जरूर है।



## हॉकी इंडिया ने राज्य इकाइयों से जिला स्तर पर नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा

नयी दिल्ली। हॉकी के विकास के लिए अपनी परियोजनाओं और नीतियों का अधिक प्रभावी तरीके से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हॉकी इंडिया अपने 'सदस्य इकाई पोर्टल' का विस्तार करेगा और इसमें जिला इकाईयों की जानकारी भी शामिल करेगा। पूर्व भारतीय कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि उनका उद्देश्य सभी हिस्सों में सुशासन को बढ़ावा देना है। हॉकी इंडिया ने अपने सदस्य इकाइयों से जिला इकाइयों की कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए कहा है और इसे सदस्य यूनिट पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं ताकि राष्ट्रीय संस्था इनकी प्रगति का पता कर सके। टिर्की ने रविवार को जारी बयान में कहा,''सदस्य इकाई पोर्टल में जिलों को शामिल करने का कदम जमीनी स्तर पर हॉकी को बढ़ावा देने के प्रति हॉकी इंडिया की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हम खेल के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए भारत के सभी जिलों के बारे में जानकारी एकत्रित करें।

# किसी की भावना आहत नहीं होगी मैं रामायण पर बनाऊँगा ऐसी फिल्म

दंगल और छिछोरे के बाद अपनी अगली फिल्म बवाल को लेकर सुर्खियों में चल रहे निर्देशक नितेश तिवारी हिंदू महाकाव्य रामायण पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। फिल्म आदिपुरुष पर हुई कॉन्ट्रोवर्सी के बाद अब नितेश तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि रामायण पर बनाई उनकी फिल्म से किसी की भी धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के लिए उन्होंने राम-सिया के कास्ट के तौर पर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को लीड रोल में चुना है। हालांकि, डायरेक्टर की तरफ से अब तक ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया गया है। डायरेक्टर ने बताया कि बीते दिनों ओम राउत की फिल्म आदिपुरुष पर हुई कॉन्ट्रोवर्सी के बाद ही उन्होंने ऐसे समय में रामायण पर फिल्म बनाने के फैसले को क्यों नहीं टाला। साथ ही डायरेक्टर ने ये फिल्म में राम-सिया ले रोल में रणबीर-आलिया को कास्ट करने को लेकर भी बात की। जब नितेश तिवारी से ये पूछा गया कि क्या उन्होंने आदिपुरुष पर हुई कॉन्ट्रोवर्सी के बाद इस प्रोजेक्ट से पीछे हटने या कुछ दिनों के लिए इसे टाल देने के बारे में नहीं सोचा, तो उन्होंने कहा- मेरा सवाल बिल्कुल सिंपल है। जो कंटेंट मैं क्रिएट करता हूं, और लोगों के साथ मैं भी तो उसका कंज्यूमर हूं। इस वजह से मैं इस बात को लेकर बिल्कुल कॉफिडेंट हूं कि मैं जो फिल्म बनाऊंगा वो किसी की भावनाओं को चोट नहीं पहुंचाएगी। मुझे पता है कि मैं कंज्यूमर के तौर पर किस तरह का कंटेंट देखना चाहता हूं। फिल्म की कास्ट पर रणबीर-आलिया का नाम फाइनल किए जाने को लेकर अब तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया गया है। नितेश तिवारी ने कहा कि वो कास्ट को लेकर जल्द ही ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर देंगे। डायरेक्टर ने रावण के रोल में चन्नस्न एक्टर यश उर्फ नवीन कुमार गौड़ा को चुना था। हालांकि, यश ने नेगेटिव रोल करने से मना कर दिया। इससे पहले ऋतिक रोशन को रावण के रोल में कास्ट किए जाने की बात भी सामने आ रही थी, लेकिन प्रोजेक्ट में हो रही देरी की वजह से ऋतिक रोशन ने भी इस रोल के लिए मना कर दिया था।





# अधूरा को अपने सेंसटिव थीम के लिए सोशल मीडिया पर मिला खूब सारा प्यार और सरहाना

हाल ही में प्राइम वीडियो और एम्मे एंटरटेनमेंट ने अपनी पहली हिंदी हॉरर सीरीज़ अधूरा लॉन्च की है। इस सीरीज के स्ट्रीम होते ही क्रिटिक्स और मीडिया रिव्यूअर्स ने इसकी सस्पेंसफुल मिस्ट्री, दिलचस्प स्क्रीनप्ले की सराहना की, जिसमें डरावनी कहानी में कुछ अहम मुद्दों को बुनने के साथ-साथ विभिन्न और दिलचस्प तत्व शामिल हैं। और अब, दर्शक भी अपने सोशल मीडिया पेज पर विभिन्न किरदारों और स्थितियों के जरिए बुलिइंग और होमोफोबिया को छूने के लिए बहुत सारा प्यार और सराहना साझा कर रहे हैं। बुलिइंग के पहलुओं और युवा दिमागों पर इसके प्रभाव को उजागर करने और होमोफोबिया को संबोधित करने के लिए अधूरा ने दर्शकों के साथ सही तालमेल बिठाया है। ऐसे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस सीरीज को लेकर दर्शक काफी बातें कर रहें है।

## एक साल के ब्रेक पर जाने से पहले सामंथा ने पूरी की सिटाडेल की शूटिंग



पॉपुलर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी बीमारी के चलते फिल्मों से तकरीबन एक साल का ब्रेक ले रही है। उन्होंने सिटाडेल के भारतीय रूपांतरण की शूटिंग पूरी कर ली है। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी के साथ शूट खत्म होने की घोषणा की। भारतीय रूपांतरण का निर्देशन राज और डीके द्वारा किया गया है। इसमें वरुण धवन और सिकंदर खेर भी हैं। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए सेल्फी पोस्ट की और इसे कैप्शन दिया- 13 जुलाई हमेशा स्पेशल दिन होगा। और यह सिटाडेल का समापन है। एक्ट्रेस अपने सभी पेंडिंग काम पूरे कर रही हैं। पिछले हफ्ते ही सामंथा ने अपनी अपकमिंग फिल्म खुशी की शूटिंग पूरी की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सामंथा को एक ऑटो-इम्यून बीमारी, मायोसिटिस है, जो उनकी मांसपेशियों को नुकसान पहुंचाती है जिससे गंभीर दर्द होता है। एक्ट्रेस अब अपने इलाज पर ध्यान देने के लिए एक्टिंग से एक साल का ब्रेक लेंगी।

# लखनऊ की लड़की की कहानी कहना चाहती हैं नुसरत भरूचा

प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी हिट फिल्में दे चुकीं एक्ट्रेस नुसरत भरूचा एक के बाद एक बेहतरीन काम किए जा रही हैं। लेकिन अभी भी उनका एक ऐसा ड्रीम रोल है जो वो करना चाहती हैं। साथ ही नुसरत ने बातचीत में हमें ये भी बताया कि वो किस तरह का पार्टनर चाहती हैं। प्यार का पंचनामा, सोनू के टीटू की स्वीटी और जनहित में जारी जैसी फिल्मों से नुसरत भरूचा ने अपनी बेहतरीन एक्टिंग का परिचय दिया। अपने किरदार से पहले कहानी के बारे में सोचने वाली 'ड्रीम गर्ल' को अभी उनके सपनों का राजकुमार नहीं मिला है। उनका मानना है कि ऐसा नहीं है कि किसी भी फिल्म का रीमेक बना लो और वो चल जाएगी। हिट होने के लिए फिल्म का अच्छा होना जरूरी है।

### किरदार के बजाए स्क्रिप्ट पर ध्यान देती हूं

स्क्रिप्ट के चुनाव से पहले मैं कहानी और डायरेक्टर भी देखती हूं। अगर स्टोरी अच्छी हो और डायरेक्टर सही ना हो तो वो खराब हो जाती है। अगर डायरेक्टर अच्छा हो और कहानी ठीक-ठीक हो तो भी वह उसे बेहतरीन बना देता है। इस वजह से मैं इन दोनों चीजों पर खासा ध्यान देती हूं। मैं यही मानती हूं कि आप जो करने आए हैं, उसे ईमानदारी के साथ निभाइए। जो भी काम मेरे पास आ रहा है, सबसे पहले मुझे अच्छा लगना चाहिए। फिर मैंने अगर तय कर लिया कि मुझे फिल्म करनी है तो मैं किसी के बारे में नहीं सोचती। मैं अपने किरदार की बजाए स्क्रिप्ट पर ध्यान देती हूं।

### लोग भूल जाएं तो नया रास्ता चुन लें

हम ऐक्टर्स भी भावुक होते हैं। ऐसा नहीं है कि हम सिर्फ पर्दे पर ही इमोशन दिखाते हैं। कोई भी फिल्म बनाने में बहुत मेहनत लगती है। आपकी जिंदगी में कुछ असल में होता है तो इमोशन आते हैं, जबकि पर्दे पर हमें वह इमोशन क्रिएट होता है, जो कि मुश्किल है। उसके बाद अगर आपकी फिल्म को लोग नाकार देते हैं, पसंद नहीं आती या बॉयकॉट हो जाती है तो काफी दुख होता है। शायद, ऐसा कुछ है, जो हमें बदलना चाहिए। इंडस्ट्री ने मुझे बहुत कुछ दिया है। इतने समय में मैंने जो एक चीज सीखी है कि आप आज हो तो कल गायब भी हो सकते हो। लोगों का प्यार आज आपके पास है, कल हो सकता है वो आपको भूल जाएं।

### मेरा किसी से अफेयर नहीं चल रहा

बॉलीवुड रीमेक पर निर्भर होता जा रहा है। इस पर नुसरत ने कहा कि फिल्मों में ऐसा ट्रेंड आता ही है। जैसे अगर कोई फिल्म चल गई तो पांच-दस प्रोड्यूसर वैसी ही फिल्में बनाने में लग जाएंगे। एक रीमेक चल गई तो सबने सोचा कि वैसी ही फिल्में बनानी चाहिए। ऐसा नहीं है कि आप किसी भी फिल्म का रीमेक बना लो और वो चल जाएगी। हिट होने के लिए फिल्म का अच्छा होना जरूरी है। अदाकारा ने अपने अफेयर की चर्चाओं पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मेरा अभी किसी से अफेयर नहीं चल रहा है।

### कोरोना के समय ओटीटी ने ही बचाया था

ओटीटी से फिल्मों को खूब चुनौती मिल रही है। ये इतनी बड़ी परेशानी हो गई है, जिसे हम अभी समझ ही नहीं पा रहे लेकिन अभी इसका हल किसी को नहीं पता। कोरोना के समय में हमें बचाया भी ओटीटी ने ही था क्योंकि उस समय इसी प्लेटफॉर्म पर ही लोगों ने घर बैठे सिनेमा देखा। अब ओटीटी की जो ऑडियंस बन गई है, उसे अब मिटा तो नहीं सकते। अब ये संतुलन कैसे बनेगा कि ओटीटी भी चलता रहे और दर्शक सिनेमाघर भी आएं तो इस बारे में जरूर विचार करना होगा।

### इत्मिनान से इमामबाड़ा घूमना है

लखनऊ की भाषा, अदा और नजाकत पर मैं फिदा हूं। यहां लोग खुशमिजाज है और दिल खोलकर खाते हैं। लखनवी चिकन शहरवालों की खूबसूरती को निखारता है। मैं इमामबाड़े में इत्मीनान से घूमना चाहती हूं। हालांकि, पिछली बार जब मैं यहां आई तो मास्क लगाकर वहां गई थी। शहर का खाना भी बहुत स्वादिष्ट है। लखनऊ में मैंने पहले 'अजीब दास्तां' की शूटिंग की थी। मैं चाहती हूं कि कोई लखनऊ की लड़की की कहानी लिखे तो मैं फिर यहां आकर शूटिंग करूं। जैसे मैंने भोपाल में कई फिल्में शूट की हैं क्योंकि उनकी कहानी वहां की पृष्ठभूमि पर थीं।



# उर्फी जावेद ने कुरकुरे खाने का तरीका बताया

उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम पर अपना नया वीडियो शेयर किया है, जो सुर्खियों में छाया हुआ है। उन्होंने कुरकुरे खाने से पहले कुछ ऐसा किया, जिसे देख लोगों का माथा ठनक गया। दरअसल, वो कुरकुरे को धोकर खाती नजर आईं। ये देख सब चौंक गए। उर्फी ने ये भी कहा कि कुरकुरे खाने का यही सबसे बेस्ट तरीका है। उर्फी जावेद अजीबोगरीब फैशन के लिए जानी जाती हैं। वो आए दिन अपने आउटफिट्स को लेकर एक्सपेरिमेंट करती हैं। कभी वो बैग से ड्रेस बनाकर पहन लेती हैं तो कभी बालों से ही खुद को ढक लेती हैं। अपनी यूनीक ड्रेसेज की वजह से वो आलोचना का भी शिकार होती हैं। खैर। इस बार वो ड्रेस नहीं, बल्कि किसी और चीज के लिए चर्चा में हैं। उनका वीडियो देखने के बाद पहले लोगों को लगा कि वो कोई ड्रेस बनाने वाली हैं, लेकिन फिर उन्होंने ऐसा काम कर दिया, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। दरअसल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वो किचन एरिया में खड़ी नजर आती हैं। उनके हाथ में एक स्टेनर होता है। वो कुरकुरे को उसमें डालती हैं और फिर नल के नीचे ले जाकर पानी से धो देती हैं। उर्फी बताती हैं कि कुरकुरे खाने का यही सबसे बेस्ट तरीका है।



# इस वजह से परेश रावल ने अक्षय कुमार की ओएमजी 2 से किया किनारा

एक्टर अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ओएमजी 2 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है। ओएमजी 2 में अक्षय भोलेबावा के अवतार में नजर आएंगे। फिल्म का टीजर देखने के बाद फैंस ने एक्टर परेश रावल को काफी याद किया और सबके मन में यही सवाल है कि आखिर क्यों परेश ओह माय गॉड 2 में नहीं हैं। तो परेश रावल ने एक इंटरव्यू में इस फिल्म का हिस्सा न बनने को लेकर वजह बताई थी।





# हेरा फेरी 3 के अलावा इन दो फिल्मों के सीक्वल से जुड़े सुनील

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी जल्द ही अपनी बेहतरीन कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी की अगली किस्त हेरा फेरी 3 में नजर आने वाले हैं। इस मोस्ट अवेटेड फिल्म के अलावा सुनील की आवारा पागल दीवाना के सीक्वल और अक्षय कुमार की फिल्म वेलकम की तीसरी किस्त के भी लौटने की संभावना है। इन फिल्मों से जुड़े हर एक अपडेट पर फैंस अपनी नजरें गड़ाए हुए हैं। वहीं, इन मूवी को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो आवारा पागल दीवाना 2 और वेलकम 3 में एक क्रॉसओवर होगा, इस खबर मात्र ने ही फैंस के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। पहले एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल ने केवल हेरा फेरी 3 बल्कि दो और कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी के लिए भी साथ आ रहे हैं, जिनमें आवारा पागल दीवाना 2 और वेलकम 3 शामिल है। वहीं, अब इन खबरों पर खुद सुनील शेट्टी ने चुप्पी तोड़ते हुए पक्की मुहर लगा दी है। हालिया इंटरव्यू में सुनील शेट्टी ने पुष्टि की कि वह आवारा पागल दीवाना 2 और वेलकम 3 के साथ लौट रहे हैं, जहां वह जॉनी लीवर के जरिए निभाई गई छोटा छत्री के साथ येडा अन्ना की अपनी भूमिका को दोहराएंगे। सुनील शेट्टी ने अपने किरदार और फिल्म के सीक्वल पर मुहर लगाते हुए कहा, आवारा पागल दीवाना सीक्वल की कहानी तय हो गई है, लेकिन वेलकम 3 पहले आ सकती है। मैं वेलकम 3 का भी हिस्सा हूं। हेरा फेरी 3, आवारा पागल दीवाना 2 और वेलकम 3 इन तीनों ही फिल्मों को फिरोज नाडियाडवाला प्रोड्यूस करने वाले हैं। वहीं, बीते दिन हेरा फेरी 3 से पीछे हटने का कारण बताते हुए अक्षय कुमार ने कहा था, हेरा फेरी मेरे जीवन का हिस्सा रहा है। मुझे भी दुख होता है कि इतने वर्ष से फिल्म नहीं बनी, लेकिन जैसा कि मैंने कहा कि हमें कुछ अलग सोचना होगा। देखिए फिल्म की जो स्क्रिप्ट आई उससे मैं खुश नहीं था, इसलिए मैं पीछे हट गया।